INS ACCREDITED
यूंनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त- 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28
Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-216 | सांध्य दैनिक | मथुरा, बुधवार, 30 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# स्वच्छता रैली में गूंजा ब्रज को स्वच्छ बनाने का संदेश



कृष्णा नगर को स्वच्छता मॉडल बनाने को निकाली रैली में शामिल ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र और नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

### परिषद उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र और नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने कृष्णानगर में किया जागरूक

### 18 दुकानदारों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वच्छता ही सेवा–2026 और 'हम सबने ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' अभियान के तहत नगर निगम मथुरा-वृंदावन ने बुधवार को जन-जागरूकता रैली निकाली। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र और नगर आयुक्त ओजस्वी राज की मौजूदगी में नागरिकों और व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

रैली नगर निगम के भूतेश्वर मुख्यालय से शुरू होकर कृष्णानगर तक पहुंची। इसमें नगर निगम के अधिकारी–कर्मचारी, आईईसी स्वयंसेवक, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, सफाई मित्र और कार्यदायी संस्थाओं के कर्मचारी शामिल हुए। कृष्णानगर मार्केट और रोड को स्वच्छता मॉडल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। रैली के दौरान 'रोको–टोको' अभियान के जरिए लोगों से खुले में कूड़ा न फेंकने, नालियों में कचरा नहीं डालने और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई। व्यापारियों से प्रतिष्ठानों के सामने सफाई रखने और कूड़ा निर्धारित कूड़ेदान अथवा नगर निगम के अधिकृत वाहनों को देने को कहा गया। पंपलेट वितरित कर गीले–सूखे कचरे को अलग रखने समेत अन्य नियमों की जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान दुकानों के सामने गंदगी मिलने पर करीब 18 छोटे–बड़े दुकानदारों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईईसी टीम ने 'चॉक ऑफ शेम' गतिविधि के तहत गंदगी वाले स्थानों पर स्वच्छता संबंधी संदेश लिखे। नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ शहर के लिए जनभागीदारी जरूरी है। शैलजाकांत मिश्र ने नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की।

# विद्यालय की बदहाली और अभद्रता के आरोपों में शिक्षक निलंबित

### जांच–आख्या में जर्जर दीवार, खुले बिजली तार और गंदगी का उल्लेख

### अनुदान के उपयोग को लेकर भी रिपोर्ट में जताई गई आशंका

**यूनिक समय, मथुरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय लाडपुर की बदहाल व्यवस्थाओं और प्रभारी प्रधानाध्यापक के साथ अभद्रता के आरोपों के मामले में बीएसए रतन कीर्ति ने सहायक अध्यापक भरत किशोर को निलंबित कर दिया है। कार्रवाई खंड शिक्षा अधिकारी नौहझील की ओर से प्रस्तुत स्थलीय जांच–आख्या के आधार पर की गई है।

ग्राम प्रधान की शिकायत के बाद बीएसए ने 18 और 22 सितंबर को संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी नौहझील को मामले की स्थलीय जांच सौंपी गई। 28 सितंबर को प्रस्तुत जांच–आख्या में विद्यालय की व्यवस्थाओं में कई कमियों का उल्लेख किया गया है।

जांच-आख्या के अनुसार, विद्यालय में रंगाई-पुताई नहीं मिली। कई खिड़कियों के स्थान पर पटरे लगे पाए गए।

विद्यालय की दीवारों को जर्जर बताया गया है, जबकि कुछ स्थानों पर बिजली के खुले तार मिलने का भी उल्लेख रिपोर्ट में है। जांच अधिकारी ने खुले तारों से विद्यार्थियों के लिए दुर्घटना की आशंका जताई। रिपोर्ट में गंदे शौचालय, परिसर में घास और साफ–सफाई की कमी के साथ आवारा पशुओं के घूमने की बात भी कही गई है।

विद्यालय में उपलब्ध अनुदान को लेकर भी जांच–आख्या में सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विद्यालय मद में प्रतिवर्ष अनुदान मिलने और राशि निकाले जाने के बावजूद अपेक्षित कार्य कराए जाने की स्थिति नहीं मिली। इसके आधार पर वित्तीय अनियमितता और अनुदान के दुरुपयोग की आशंका व्यक्त की गई है।

वहीं, जांच–आख्या में प्रभारी इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार के साथ गाली-गलौज और अमर्यादित व्यवहार किए जाने के आरोपों का भी उल्लेख है। रिपोर्ट के आधार पर बीएसए ने भरत किशोर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उन्हें उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगला, विकास खंड मांट से संबद्ध किया गया है।

# दीनदयाल धाम में चार दिवसीय महोत्सव, आठ को आएंगे सीएम योगी

### युवा-किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे मुख्य अतिथि

### सात से 10 अक्टूबर तक धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम



**यूनिक समय, मथुरा।** दीनदयाल धाम में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला सात से 10 अक्टूबर तक आयोजित होगा। महोत्सव में आठ अक्टूबर को विराट युवा-किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि-मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री को सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है।

चार दिवसीय आयोजन में धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, युवा-किसान सम्मेलन, राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, कवि सम्मेलन, कुश्ती दंगल और विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। सात अक्टूबर को कलश यात्रा, हवन, रंगोली प्रतियोगिता और मेला शुभारंभ के साथ शाम को नृत्य-नाटिका और रसिया दंगल होगा।

आठ अक्टूबर का मुख्य आकर्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का युवा-किसान सम्मेलन रहेगा। इस दिन हवन, जन्मोत्सव, बधाई गीत, लोक गायन, भजन और राष्ट्रीय कवि सम्मेलन भी आयोजित होंगे। आयोजन समिति के अनुसार, सम्मेलन में युवाओं और किसानों से जुड़े विषयों पर कार्यक्रम होंगे। नौ अक्टूबर को गौ पूजन, स्वस्थ गोवंश प्रतियोगिता, महिला लोकगीत - मेहंदी प्रतियोगिता, कुश्ती दंगल और भजन संध्या होगी। 10 अक्टूबर को कुश्ती दंगल, ब्रज की फूलों की होली, डांडिया और महानाट्य की प्रस्तुति के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# कल से घर–घर जांच, ई–कवच पर दर्ज होगा मरीजों का ब्योरा

**यूनिक समय, मथुरा।** बदलते मौसम के बीच डेंगू, मलेरिया समेत संचारी रोगों पर शिकंजा कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग एक अक्टूबर से घर–घर दस्तक देगा। पूरे अक्टूबर चलने वाले इस अभियान में आशा कार्यकर्ता और एएनएम घर–घर पहुंचकर बुखार और अन्य बीमारी के लक्षण वाले मरीजों की पहचान करेंगी। संदिग्ध मरीजों का पूरा ब्योरा ई–कवच पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। साथ ही घरों और आसपास मच्छरों के लार्वा पनपने वाले स्थानों की तलाश कर उन्हें नष्ट कराया जाएगा।

संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत जिले में एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से का समय रहते बीमारी के लक्षण वाले मरीजों की पहचान कराई जाएगी और संक्रमण को फैलने से रोका जाएगा। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता और एएनएम घर–घर जाकर परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेंगी। किसी व्यक्ति में बुखार, मलेरिया, डेंगू या अन्य संचारी रोगों से जुड़े लक्षण मिलने पर उसकी जानकारी जुटाई जाएगी। सीएमओ डॉ.राधा बल्लभ ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से घर–घर पहुंचने वाली स्वास्थ्य टीम केवल मरीजों की तलाश तक सीमित नहीं रहेगी। घरों के आसपास पानी जमा होने वाले स्थानों, कूलर, गमले, टायर, खाली बर्तनों और अन्य संभावित लार्वा ब्रीडिंग स्थलों की भी जांच भी कराई जाएगी।

## 15 अक्टूबर से मिठाइयों पर लिखनी होगी अंतिम तिथि

# खुली मिठाइयों पर भी 'यूज बाई डेट' करना होगा प्रदर्शित



### नियम तोड़ने वाले कारोबारियों के खिलाफ होगी विभागीय कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** त्योहारों के मौसम में मिठाई खरीदने वाले ग्राहकों के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अहम व्यवस्था लागू की है। अब बिक्री के लिए प्रदर्शित और भंडारित मिठाइयों पर उनकी 'यूज बाई डेट' यानी उपयोग की अंतिम तिथि लिखना अनिवार्य होगा। नई व्यवस्था 15 अक्टूबर से प्रभावी होगी।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब की ओर से जारी निर्देशों में सभी संबंधित खाद्य कारोबारियों को इसका पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। विभागीय निरीक्षण के दौरान सामने आया कि कई मिठाई प्रतिष्ठानों में उपभोक्ताओं को मिठाइयों के निर्माण और उनके इस्तेमाल की अंतिम तिथि की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती थी। इसी को देखते हुए व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत सिर्फ पैक की गई मिठाइयां ही नहीं, बल्कि दुकानों पर खुली और बिक्री के लिए प्रदर्शित मिठाइयों पर भी 'यूज बाई डेट' बताना जरूरी होगा। इससे ग्राहक खरीदारी के समय यह जान सकेंगे कि संबंधित मिठाई को कितने समय तक सुरक्षित रूप से खाया जा सकता है।

विभाग के अनुसार, अलग–अलग प्रकार की मिठाइयों की उपयोग अवधि अलग होती है। उनकी प्रकृति और रखरखाव के आधार पर यह अवधि एक दिन से लेकर 30 दिन तक हो सकती है। निर्धारित अवधि बीतने के बाद मिठाई की गुणवत्ता, स्वाद और ताजगी प्रभावित होने की संभावना रहती है। आयुक्त ने खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिया है कि 15 अक्टूबर से नई व्यवस्था का सख्ती से पालन करें। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित खाद्य सुरक्षा प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य डा. जतिन कुमार सिंह का कहना है कि विभाग की इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को मिठाई खरीदते समय उसकी उपयोग अवधि की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। अभी आदेश आया है, सभी मिठाई विक्रेताओं से पालन करने को कहा गया है।

# पटाखा दुकानों और गोदामों का किया गया संयुक्त निरीक्षण

**यूनिक समय, मथुरा।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर बुधवार को मथुरा-वृंदावन स्थित लाइसेंसधारी पटाखा दुकानों और गोदामों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। सीओ सिटी आशना चौधरी और नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्र ने अग्निशमन विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने रजिस्टर, स्टॉक और लाइसेंस की जांच की।

लाइसेंसधारियों को निर्धारित सीमा के अनुसार सुरक्षित स्थान पर ही पटाखे रखने के निर्देश दिए गए। घनी आबादी, स्कूल और अस्पतालों से दूर भंडारण करने को कहा गया। दुकानों पर अग्निशमन यंत्र, पानी और रेत की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य बताई गई।

## अंदर के पेजों की प्रमुख खबरें


आगरा के तुलसी अपार्टमेंट के फ्लैट में लगी भीषण आग
पेज-10 पर


दुबई-इजरायल फ्लाइट में लड़ बैठे दो पायलट, मचा हड़कंप
पेज-11 पर


डायट में ब्रज संस्कृति के रंगों ने मोहा दर्शकों का मन
पेज-12 पर

# स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में निर्देश देतीं सीडीओ डा. पूजा गुप्ता।

## एचपीवी टीकाकरण में मथुरा ने 101.3 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की

## राज्य में चौथे स्थान पर रहा जिला, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने अधिकारियों को मरीजों को समय पर बेहतर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पतालों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में ओपीडी, आईपीडी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, पैथोलॉजी, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, क्षय रोग उन्मूलन, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, 108 और 102 एंबुलेंस, नियमित टीकाकरण और आयुष्मान भारत योजना समेत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

सीडीओ ने सभी सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। अस्पतालों में मरीजों के तीमारदारों के लिए कुर्सी–बेंच, पेयजल, आरओ और पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। चिकित्साधिकारियों को समय से अस्पताल पहुंचने और मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को समय से भुगतान, गर्भवती महिलाओं की समुचित देखभाल और नवजात शिशुओं की निगरानी पर भी जोर दिया गया। आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी, नियमित टीकाकरण का शत-प्रतिशत कवरेज और ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट करने के निर्देश दिए गए। 108 और 102 एंबुलेंस को निर्धारित समय में मरीज तक पहुंचाने, आभा आईडी बनाने को भी कहा गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण में मथुरा ने लक्ष्य के सापेक्ष 101.3 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। बैठक में सीएमओ डॉ. राधावल्लभ, सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल, एसीएमओ, एमओआईसी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संचालन जिला कायक्रम प्रबंधक एनएचएम संजय सिंहोरिया ने किया।




## जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता थाना क्षेत्र के गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद ने मंगलवार को मारपीट का रूप ले लिया। मामले में जनौठी निवासी मोहनश्याम की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, पुश्तैनी संपत्ति के विक्रय और नामांतरण को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में करीब 11 बजे चोखेलाल, अजय, भिकचंद, सोनू, देवी, बबली और पप्पन समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे। आरोप है कि कुछ लोग लाठी–डंडे, फरसा और तमंचा लेकर आए थे। इसके बाद मोहनश्याम और उनके भाई पतिम को घेरकर मारपीट की गई।

# आसमान साफ, पारे ने मारी फिर छलांग

**यूनिक समय, मथुरा।** दो पहले फुहारों की सौगात से मौसम को ठंडा करने वाले बादल अब बरस नहीं रहे हैं। ऐसे में आसमान साफ होने की वजह से दिन का अधिकतम तापमान फिर से उछाल मारने लगा है। आसमान पर बादलों के छाए रहने के बाद भी अधिकतम तापमान बढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा। ऐसे मौसम से लोग दिन में पसीने से भीगने लगे हैं। दो दिन पहले हुई हल्की बूंदाबांदी की वजह से अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था, जबकि न्यूनतम तापमान भी गिरकर 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। अब दो दिन से मौसम पूरी तरह साफ रहने लगा है, जिससे दिन में फिर चमकदार धूप खिलने लगी है। मौसम के ऐसे हाल से अधिकतम तापमान अब चार डिग्री सेल्सियस बढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, जबकि न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस बढ़कर 25 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। ऐसे साफ मौसम की वजह से अब फिर से लोगों को दिन में पसीना आने लगा है।

वहीं, मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, अब मानसूनी बारिश के आसार कम हैं, ऐसे में दिन का मौसम फिर से परेशान करने वाला होगा। वहीं, रात को मौसम कम होने से भोर में हल्की सर्दी का अहसास हो सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, छह अक्टूबर तक दिन में आसमान पर हल्के बादल छाए रहेंगे।

# सुरेश चन्द्र अग्रवाल की 75वीं जयंती को समर्पित रामलीला महोत्सव



## स्वीटी बाय एमआर ग्रुप परिवार को मिला इस वर्ष आतिथ्य का सौभाग्य

## तीन से 23 अक्टूबर तक 21 दिन राममय रहेगी मथुरा नगरी

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज की पावन भूमि पर श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में तीन से 23 अक्टूबर तक 21 दिवसीय श्री रामलीला महामहोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन एमआर ग्रुप के संस्थापक स्व. सुरेश चन्द्र अग्रवाल की 75वीं जयंती को समर्पित रहेगा। श्री रामलीला सभा ने उनके परिवार स्वीटी बाय एमआर ग्रुप को इस वर्ष महोत्सव के आतिथ्य का सौभाग्य प्रदान किया है।

एमआर ग्रुप के चेयरमैन सुनील अग्रवाल ने बताया कि परिवार के लिए यह अवसर श्रद्धा और भावनाओं से जुड़ा है। रामलीला महोत्सव के साथ सुरेश चन्द्र अग्रवाल की 75वीं जयंती का जुड़ना उनके प्रति सम्मान और स्मरण का विशेष अवसर बन गया है। महोत्सव का शुभारंभ तीन अक्टूबर को मुकुट पूजन के साथ होगा। इसके बाद तुलसी चरित्र, शिव-पार्वती विवाह, श्रीराम जन्म, धनुष यज्ञ, श्रीराम बारात और श्रीराम-जानकी विवाह सहित विभिन्न लीलाओं का मंचन होगा। वनवास, सीता हरण, लंका दहन और दशहरा मेला के साथ भरत मिलाप तथा राज्याभिषेक जैसे प्रमुख प्रसंग भी प्रस्तुत किए जाएंगे। समापन 23 अक्टूबर को होगा।

सुनील अग्रवाल ने कहा कि सुरेश चन्द्र अग्रवाल ने कर्मशीलता, सेवा, सामाजिक सरोकार और सनातन संस्कारों की परंपरा स्थापित की। उनकी 75वीं जयंती पर प्रभु श्रीराम की लीलाओं से जुड़ना उनके लिए सार्थक श्रद्धांजलि है। उन्होंने श्री रामलीला सभा के प्रति आभार जताते हुए गणमान्य नागरिकों, सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों, पारिवारिक मित्रों और शुभचिंतकों से महोत्सव में सहभागी बनने का आग्रह किया।



# आईआईटीएम कंप्यूटर एजुकेशन को मिला 'इंडियाज़ बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवॉर्ड– 2026'

## मुंबई में आयोजित सम्मान समारोह में निदेशक गौरव सिंह हुए सम्मानित

## विद्यार्थियों को रोजगारपरक कौशल देने पर जोर




मुंबई के कोहिनूर कॉन्टिनेंटल होटल में आयोजित कार्यक्रम में आईआईटीएम कंप्यूटर एजुकेशन को मिला 'इंडियाज़ बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवॉर्ड–2026' को ग्रहण करते निदेशक गौरव सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** कंप्यूटर शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए मथुरा स्थित आईआईटीएम कंप्यूटर एजुकेशन को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। संस्थान के निदेशक गौरव सिंह को 'इंडियाज़ बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में संस्थान के प्रयासों और विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन 27 सितंबर 2026 को मुंबई के कोहिनूर कॉन्टिनेंटल होटल, अंधेरी ईस्ट में किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। समारोह में मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा और शशिश कुमार तिवारी की भी मौजूदगी रही।

समारोह के दौरान आईआईटीएम कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक गौरव सिंह ने यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया।

इस अवसर पर डीआईटीआरपी ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमजद साठे ने भी गौरव सिंह को सम्मानित किया।

सम्मान मिलने के बाद आईआईटीएम कंप्यूटर एजुकेशन परिवार में उत्साह का माहौल है। संस्थान से जुड़े लोगों ने इसे टीम की मेहनत और विद्यार्थियों के विश्वास का परिणाम बताया।

गौरव सिंह ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरी आईआईटीएम टीम का है। उन्होंने कहा कि संस्थान का लगातार प्रयास विद्यार्थियों को बेहतर कंप्यूटर शिक्षा देने के साथ उन्हें ऐसे कौशल से जोड़ना है, जो उनके करियर और रोजगार में उपयोगी साबित हों।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भरोसा, शिक्षकों और कर्मचारियों की मेहनत तथा बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था संस्थान की प्रमुख ताकत है। यह सम्मान टीम को भविष्य में भी नई ऊर्जा के साथ काम करने और युवाओं के लिए शिक्षा एवं कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करेगा।

ADVT.

## चीरघाट पर ई–रिक्शा हटाने को लेकर विवाद, मारपीट में कई घायल

**यूनिक समय, वृंदावन।** चीरघाट क्षेत्र में ई-रिक्शा हटाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 15 सितंबर को सुबह करीब 11:30 बजे की बताई गई है। मामले में मुन्नी देवी निवासी कालीदह वीआईपी रोड ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार, उनका पुत्र चीरघाट पर ई- रिक्शा लेकर खड़ा था। इसी दौरान राजेन्द्र, नीरज, मुकेश, मुरारी मोहन, रवि, लोटा, सुलमत और कौशल समेत अन्य लोग वहां पहुंचे और ई-रिक्शा हटाने को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि बाद में कुछ अज्ञात लोगों को भी बुलाया गया, जिनके हाथों में लाठी–डंडे, लोहे की सरिया और चाकू थे। शिकायत में बताया गया है कि मारपीट के दौरान कई लोगों को चोटें आईं। आरोप है कि प्रियांशु को भी गंभीर चोट पहुंची। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गोवर्धन में महिला–बच्चे समेत परिवार से मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

**यूनिक समय, गोवर्धन।** थाना क्षेत्र में महिला और बच्चे के साथ मारपीट के बाद बीच-बचाव करने पहुंचे पति से भी मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। धर्मेन्द्र निवासी सैनी मोहल्ला दसविसा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। 24 सितंबर की रात करीब 11 बजे धर्मेन्द्र हरिपुरा स्थित पंचमुखी हनुमान के पास छोटी परिक्रमा मार्ग पर फेरी के कपड़ों पर प्रेस कर रहा था। उसकी पत्नी बबली अपने पुत्र प्रशांत को लेकर बाहर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी कलुआ, विशाल और मोहित, निवासी हरिपुरा पंचमुखी हनुमान के पीछे छोटी परिक्रमा शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। पत्नी ने विरोध किया तो तीनों ने उसके और बच्चे के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर धर्मेन्द्र मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की।

## संपत्ति विवाद में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**यूनिक समय, मथुरा।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र में संपत्ति से जुड़े विवाद को लेकर एक व्यक्ति की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता राजवीर सिंह निवासी महावीर नगर, गोवर्धन रोड ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दुर्गल सिंह इलेक्ट्रिकल वर्क्स वृंदावन रोड मथुरा स्थित संपत्ति में एक कमरा और दुकान में लंबे समय से कार्य कर परिवार का पालन–पोषण करते आ रहे हैं। राजवीर सिंह ने आरोप लगाया कि अनीत वौजई निवासी नोएडा, दीक महोत्रा निवासी साधना एन्क्लेव मालवीय नगर नई दिल्ली, सुशील यादव निवासी सदर बाजार मथुरा, संजय निवासी गीता एन्क्लेव, कॉलोनी कृष्णानगर, हितेश कुमार निवासी केदार नगर मथुरा ने कथित तौर पर संपत्ति के संबंध में दस्तावेज तैयार कर उसे बेचने का प्रयास किया। शिकायत में संपत्ति पर कब्जे और नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगाया गया है। न्यायालय के आदेश के बाद गोविंद नगर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# थानों में सड़ रहे करोड़ों के वाहन जिम्मेदारियों पर उठे सवाल


चौकी बागबहादुर में खड़े कबाड़ होतीं कारें और बाइक।

**यूनिक समय, मथुरा।** कभी सड़कों पर फर्राटा भरने वाले महंगे वाहन अब थानों और पुलिस चौकियों में खड़े-खड़े कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। जनपद के विभिन्न थानों और चौकियों में मुकदमों से संबंधित करोड़ों रुपये कीमत के चौपहिया और दुपहिया वाहन वर्षों से खड़े हैं। लंबे समय तक खुले में खड़े रहने के कारण इनकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कई वाहनों को देखकर उनके मालिक भी उन्हें वापस लेने में रुचि नहीं दिखा रहे।

पुलिस किसी मुकदमे में जब वाहन को सीज कर अपने कब्जे में लेती है तो उस समय उसकी हालत बेहतर होती है और उसकी बाजार कीमत भी होती है, लेकिन मुकदमे की प्रक्रिया लंबी चलने और न्यायालय से आदेश नहीं मिलने के कारण वाहन थानों में ही पड़े रहते हैं। इनमें महंगी कारों से लेकर ट्रक और बड़ी संख्या में मोटरसाइकिलें शामिल हैं। कोतवाली की बागबहादुर चौकी में खड़े वाहनों की स्थिति इसका उदाहरण है। यहां लंबे समय से खड़ी मोटरसाइकिलों और कारों के आसपास झाड़ियां और पेड़–पौधे उग आए हैं। कई वाहन आधे तक मिट्टी में दब चुके हैं। समय के साथ उनके कलपुर्जे जंग खा रहे हैं और वाहन कबाड़ में बदलते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति जनपद के कई थानों और चौकियों में बनी हुई है। इससे एक ओर करोड़ों की संपत्ति बर्बाद हो रही है, वहीं दूसरी ओर थानों और चौकियों के अलावा सार्वजनिक जगह भी घिरी हुई है। एसएसपी ने हाल में थाना प्रभारियों को मुकदमों से संबंधित पुराने वाहनों के निस्तारण के लिए न्यायालय से आदेश प्राप्त करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद कुछ थाना प्रभारियों ने ऐसे वाहनों की सूची तैयार कर नीलामी की प्रक्रिया शुरू कराने की पहल की है। न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद वाहनों की नीलामी कर उन्हें थानों से हटाने की कवायद तेज होने की उम्मीद है।

### दसियों साल से खुले आसमान के नीचे सड़ रहे वाहन

### मुकदमों में फंसे वाहनों की नीलामी को कोर्ट का आदेश जरूरी




# कांशीराम कॉलोनी के लोगों को उजाड़ने के विरोध में माले ने उठाई आवाज


बुधवार को डीएम कार्यालय पर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कांशीराम कालोनी के लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन की जिला कमेटी ने वृंदावन की कांशीराम कॉलोनी के लोगों को उजाड़े जाने के प्रयास के विरोध में आवाज उठाई है। पार्टी की ओर से बुधवार को डीएम को दिए गए ज्ञापन में कॉलोनी के निवासियों की समस्याओं का समाधान कराने और उन्हें बेघर होने से बचाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया कि दर्जनों लोग लंबे समय से कांशीराम कॉलोनी में रह रहे हैं। कॉलोनी में रहने वाले अधिकांश परिवार गरीब और श्रमिक वर्ग से हैं और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन–पोषण करते हैं।

आरोप लगाया गया है कि नगर निगम द्वारा गरीब परिवारों को कॉलोनी से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। माले ने कहा कि गरीब परिवारों को उजाड़ने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। पार्टी ने प्रशासन से मांग की कि मकान बनाने के लिए गरीब परिवारों की मदद की जाए और उन्हें उजाड़ने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही कॉलोनी के लोगों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था कराने और गरीब लोगों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने की मांग की गई है।

माले जिला कमेटी ने प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर प्रभावित परिवारों को राहत देने और उनके आशियाने सुरक्षित रखने की अपील की है। ज्ञापन देने वालों में ब्रज मोहन, सुनीता, ममता, शिखा, मीरा, राधा, अनीता और पुष्पा समेत अन्य कांशीराम कालोनी के लोग मौजूद थे।

### डीएम से कार्रवाई रोकने की मांग

### पानी की व्यवस्था और आवास में मदद की मांग

# सोना पकड़े जाने का डर दिखाकर महिला से 40 हजार रुपये की ठगी

**यूनिक समय, सुरीर।** थाना क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी में रहने वाली एक महिला से साइबर ठगों ने चालीस हजार रुपये से ठग लिए। भाई का परचित बताते हुए फोन किया और बताया कि उसका भाई मुम्बई एयरपोर्ट पर सोने के साथ पकड़ा गया है। पैसे भेजो नहीं तो उसे जेल हो जाएगी। महिला घबराकर कर ठगों का शिकार हो गई।

पीड़िता विमलेश ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सोमवार 28 सितंबर को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उनको भाई बताते हुए कहा कि मुंबई एयरपोर्ट पर उसका सोना-चांदी पकड़ा गया है। उसने कहा कि यदि तत्काल 40 हजार रुपये खाते में नहीं डाले तो उसे भी पकड़ लिया जाएगा। महिला के पति केशव काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं, जिसके चलते वह ठग की बातों में आ गईं।

विमलेश ने घबराकर अलग-अलग नंबरों पर तीन बार में रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठग ने दोबारा फोन कर धमकी देते हुए 10 हजार रुपये और मांगे। लगातार रुपये मांगने पर महिला को शक हुआ और उसने परिजनों को पूरी घटना बताई।

इसके बाद पीड़िता ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। बुधवार सुबह उन्होंने थाना में भी लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विधायक राजेश चौधरी को पाकिस्तान नंबर से मिली धमकी

**यूनिक समय, मथुरा।** मांट के भाजपा



विधायक-पार्टी प्रवक्ता राजेश चौधरी को कथित तौर पर पाकिस्तान के नंबर से जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। विधायक के अनुसार, फोन करने वाले ने खुद को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सदस्य बताते हुए टीवी चैनलों पर धार्मिक और हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर बयान देने से रोकने की चेतावनी दी। ऐसा नहीं करने पर पूरे परिवार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई।

विधायक ने बताया कि 28 सितंबर की रात करीब 10:38 बजे पहली कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह जानता है कि विधायक कहां रहते हैं, उन्हें टीवी पर बोलना बंद करना होगा। इसके बाद रात करीब 2:17 बजे दोबारा कॉल आई। इस दौरान कथित आरोपी ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए उनसे भारत में रहने की जगह पूछी और धार्मिक मुद्दों पर बयान देने से रोकने की धमकी दी। मामले के बाद विधायक ने 29 सितंबर को एसएसपी श्लोक कुमार से मुलाकात कर लिखित शिकायत और उपलब्ध साक्ष्य सौंपे।

पुलिस के निर्देश पर टीम ने विधायक के आवास पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। सीओ सिटी आशना चौधरी के अनुसार, शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल और पुलिस की विशेष टीमें कथित पाकिस्तान-आधारित नंबर की कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही हैं।

### परिवार को बम से उड़ाने की चेतावनी

# एक्सप्रेस–वे पर तेज रफ्तार बाइक फिसली

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर थाना नौहझील के माइल स्टोन संख्या 76 पर तेज रफ्तार बाइक के फिसल जाने के कारण तीन युवक घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, गांव धानगढ़ी फिरोजाबाद के रहने वाले अजीत अपने साथी योगेश और चिंटू के साथ पल्सर बाईक से रात को गांव से नोएडा के लिए जा रहे थे। बताया गया कि तेज रफ्तार पल्सर बाइक यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन संख्या 76 के समीप अचानक फिसल गई। बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर इधर–उधर जा गिरे। दुर्घटना को देख वहां से गुजरने वाले चालक ने अपने वाहनों को रोक दिया। पुलिस को भी दुर्घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना में घायल हुए तीनों युवकों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। घायलों में अजीत और योगेश की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को सड़क से हटवा कर रास्ता चालू करा दिया।

### तीन युवक हुए घायल दो की हालत गंभीर


पढ़िए वो
जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com



**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः**– यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक–पवन गौतम

**फोन नंबर–0565–3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।




# मथुरा मंडी में धान की आवक तेज, रोज आ रहीं 50 हजार बोरी


बुधवार को मंडी में बिक्री को रखा धान।

## 1509, 1847 और 1692 किस्म की धान की हो रही आवक 1121 की आवक बाद में होने की उम्मीद

**यूनिक समय, मथुरा।** सौंख रोड स्थित मथुरा मंडी में धान की आवक तेज हो गई है। इन दिनों मंडी में 1509, 1847 और 1692 किस्म की धान बड़ी मात्रा में पहुंच रही है। आढ़तियों के अनुसार, प्रतिदिन करीब 50 हजार बोरी धान मंडी में पहुंच रही है। वर्तमान में धान का भाव करीब 4400 रुपये प्रति क्विंटल के आसपास चल रहा है। किसानों को उम्मीद है कि 1121 किस्म की धान की आवक भी आगामी दिनों में शुरू होगी। यह किस्म सामान्य तौर पर बाद में मंडी में पहुंचती है और इसकी कीमत भी अन्य किस्मों की तुलना में अधिक रहती है।

बताया गया कि मंडी में पहुंच रही धान की खरीद के बाद इसका बड़ा हिस्सा पंजाब और हरियाणा के लिए भेजा जाता है। इन राज्यों में धान की मिलिंग के बाद चावल तैयार किया जाता है। इसके बाद तैयार चावल की देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही विदेशों में भी आपूर्ति की जाती है। इससे मथुरा मंडी में धान की आवक बढ़ने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं।


आढ़ती कौशल किशोर गुप्ता ने बताया कि इस समय मंडी में 1509, 1847 और 1692 किस्म की धान की आवक अच्छी बनी हुई है। प्रतिदिन करीब 50 हजार बोरी धान मंडी में पहुंचने से कारोबार में तेजी आई है। फिलहाल करीब 4400 रुपये प्रति क्विटल के भाव पर धान की खरीद हो रही है।


आढ़ती दीपक अग्रवाल के अनुसार, किसानों की ओर से लगातार धान मंडी में लाई जा रही है। 1509, 1847 और 1692 किस्म की धान इस समय प्रमुख रूप से आ रही है। मंडी से धान पंजाब और हरियाणा भेजी जाता है। धान से चावल तैयार होने के बाद इसकी आपूर्ति देश-विदेश के बाजारों तक होती है।


आढ़ती मोहन सिंह ने बताया कि धान की आवक का दौर अभी जारी है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। करीब 50 हजार बोरी प्रतिदिन आवक होने से मंडी में काफी चहल–पहल है।




## वाहन रोककर मारपीट, रुपये गिरने का आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जमुनापार क्षेत्र में वाहन रोककर युवक के साथ मारपीट करने और जेब में रखे करीब 32 हजार रुपये गिर जाने का मामला सामने आया है। संजय निवासी गढ़ी हरवल, थाना सादाबाद हाथरस ने बताया कि 29 सितंबर की रात वृंदावन से कांच का सामान लेकर लक्ष्मीनगर, मथुरा जा रहे थे। उनके साथ उनके चचेरे भाई रोहित भी वाहन में मौजूद थे। संजय के अनुसार, जब वह सिद्धार्थ नगर में काली मंदिर से आगे चंबल सीमेंट की टाइलों के पास पहुंचे, तभी मोटरसाइकिल सवार तीन-चार युवकों ने उनके वाहन को रोकने का प्रयास किया। वाहन नहीं रोकने पर आरोपियों ने मोटरसाइकिल आगे लगाकर उन्हें रुकवा लिया। इसके बाद खिड़की से नीचे उतरने को कहा गया। नीचे उतरने पर युवकों ने डंडों से मारपीट शुरू कर दी। संजय ने बताया कि उन्होंने बचाव के लिए हाथ-पैर चलाए और मदद के लिए शोर मचाया। मौके पर लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मारपीट के दौरान उनकी जेब में रखे करीब 32 हजार रुपये गिर गए, जो बाद में नहीं मिले।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, चालक मौके से फरार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैत क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घटना 28 सितंबर की सुबह करीब छह बजे नगला मोहर के नाले के पुल के पास की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार डिगम्बर निवासी अकबरपुर, छाता ने बताया कि उसका भाई राजवीर करीब 29 वर्ष अपने चचेरे भाई मुकेश के साथ नगला मोहर गया था। दोनों छटीकरा से राधाकुंड रोड पर नगला मोहर के नाले के पुल से थोड़ा पहले सड़क किनारे खड़े होकर परिचित का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने तेज और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए राजवीर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर का पहिया राजवीर के शरीर के ऊपर से निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

# 20 लाख की धोखाधड़ी और जान से मारने का आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली थाना क्षेत्र में कपड़ों के कारोबार के लिए जुटाई गई रकम को चांदी के कारोबार में लगाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने और तकादा करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

न्यू सत्यम गारमेंट्स यमुना मार्केट, होलीगेट निवासी लखनलाल अग्रवाल ने शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि उनके बेटे मनीष अग्रवाल को कपड़ों के व्यापार के बजाय चांदी की खरीद-बिक्री में अधिक मुनाफे का लालच देकर दीपक अग्रवाल निवासी गोपालपुरा, होली गली ने रकम निवेश करने के लिए तैयार किया।

बताया गया कि अगस्त से अक्टूबर 2023 के बीच अलग-अलग तारीखों में कुल 20 लाख रुपये दीपक अग्रवाल को दिए गए। आरोप है कि रकम लेने के बाद न तो मुनाफा दिया गया और न ही मूल धनराशि वापस की गई। कई बार तकादा करने पर आरोपी टालमटोल करता रहा। 24 सितंबर को रुपये मांगने पर आरोपी ने कथित रूप से रुपये नहीं होने की बात कहते हुए दोबारा मांग करने पर जान से मारने की धमकी दी।

## लापरवाह कार चालक को अदालत उठने तक की सजा

**यूनिक समय, मथुरा।** एसीजेएम प्रथम ने लापरवाही से कार चलाकर दुर्घटना करने वाले चालक को अदालत उठने तक की सजा और पच्चीस सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त कृष्णचंद शर्मा निवासी अशोक बिहार थाना सदर बाजार के खिलाफ कार को लापरवाही से चलाकर एक युवक को घायल कर दिया था। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम प्रथम के न्यायालय में हुआ। एसीजेएम ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए उक्त सजा से दंडित किया।

# अग्रवाटिका में गूंजा श्याम नाम



भजन संध्या के दौरान सजाई गई झांकी।

**यूनिक समय, मथुरा।** अग्रवाटिका में मंगलवार शाम श्री श्याम लाडला परिवार के तत्वावधान में एक शाम खाटू के नाम भव्य श्याम संकीर्तन-भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर सुख–शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

आयोजन के दौरान बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें यमुना में नौका विहार कराया गया। इसके साथ ही दीपदान महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। यमुना तट पर दीपों की रोशनी और श्याम नाम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

## नौका विहार और दीपदान से भक्तिमय हुआ वातावरण

भजन संध्या में भजन गायिका अनामिका शर्मा जयपुर और अंकित लवानिया आगरा से तान्या शर्मा वृंदावन ने बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और नाचते नजर आए। भक्तों का मानना रहा कि बाबा खाटू श्याम की कृपा से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। समिति के सदस्यों ने बताया कि आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ और श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम से सभी के मंगल की प्रार्थना की।

## परीक्षा में नकल करने वाले को अदालत उठने तक की सजा

**यूनिक समय,मथुरा।** एसीजेएम प्रथम ने परीक्षा में नकल करने वाले अभियुक्त को दोषी मानते हुए अदालत उठने तक की सजा और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, सुरीर पुलिस ने गढ़ी मनसुखा निवासी मनोज चौधरी को परीक्षा में नकल करने के मामले में गिफ्तार किया था। पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में प्रषित किया। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम प्रथम के न्यायालय में हुई। एसीजेएम प्रथम ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए उक्त सजा से दंडित किया।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग गंभीर घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर घायल हो गए। मामले में ब्रजेश कुमार निवासी चंदा ग्रीन मंडी समिति हाईवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। 23 सितंबर को सुबह ब्रजेश कुमार के पिता मंडी समिति के निकट होटल के सामने मौजूद थे। इसी दौरान आगरा की ओर से आ रही मारुति ईको कार के चालक ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर, पैर, छाती और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घायल को स्थानीय पुलिस की सहायता से आकाश सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें आगरा रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## टेंपो की टक्कर से महिला घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में सड़क किनारे टहल रही महिला को तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर घायल हो गई। घटना 11 सितंबर की सुबह गांव सतोहा के पास की बताई गई है। देवेंद्र के अनुसार उनकी पत्नी हेमिता सुबह करीब छह बजे अपने गांव सतोहा के पास सड़क किनारे टहल रही थीं। इसी दौरान गोवर्धन की ओर से मथुरा की तरफ आ रहे टेंपो के अज्ञात चालक ने टेंपो को तेज और लापरवाही से चलाते हुए सड़क किनारे चल रही हेमिता को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनका बायां हाथ टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद चालक टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया।

## वृंदावन में महिला से अभद्र टिप्पणी का आरोप

**यूनिक समय, वृंदावन।** जिम से घर लौट रही महिला से अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। बांके बिहारी महिला ने बताया कि विष्णु पांडेय नामक व्यक्ति उनका पीछा करता है और कथित तौर पर अभद्र भाषा में टिप्पणी करता है। शिकायत के मुताबिक, 28 सितंबर को सुबह करीब 10:30 बजे जिम से घर लौटते समय भी आरोपी ने अभद्र टिप्पणी की और वहां से चला गया। महिला ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नवरात्रि में मंदिरों से घटती भीड़, घरों में विराजती माता

**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा की नगरी वृंदावन में वर्षभर प्रमुख मंदिर श्रद्धालुओं से गुलजार रहते हैं। देश-विदेश से भक्त भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए पहुंचते हैं और सुबह से देर शाम तक मंदिरों के आसपास चहल–पहल बनी रहती है। हालांकि, अक्टूबर में पड़ने वाली नवरात्रि के दौरान मंदिरों में सामान्य दिनों की अपेक्षा श्रद्धालुओं की संख्या कुछ कम दिखाई देती है। इसकी एक वजह घर–घर माता रानी की स्थापना कर नौ दिनों तक की जाने वाली पूजा-अर्चना भी मानी जा रही है।

नवरात्रि शुरू होते ही बड़ी संख्या में परिवार घरों में कलश स्थापना कर देवी मां की विधि–विधान से पूजा करते हैं। सुबह–शाम आरती, दुर्गा सप्तशती का पाठ, भजन–कीर्तन और व्रत के कारण घरों में ही भक्तिमय वातावरण बना रहता है।

कई परिवार नौ दिनों तक नियमित पूजा–अर्चना करते हैं। ऐसे में रोजाना मंदिर जाने के बजाय परिवार के साथ घर में ही देवी मां की आराधना को प्राथमिकता दी जाती है।


विमला देवी।


नम्रिता गर्ग

वृंदावन निवासी विमला देवी कसेरे का कहना है कि नवरात्रि में घर पर माता रानी की स्थापना कर पूरे परिवार के साथ पूजा की जाती है। नौ दिनों तक आरती और भजन होते हैं। उनका कहना है कि जब घर में ही माता रानी विराजमान हों तो प्रतिदिन मंदिर जाने की आवश्यकता महसूस नहीं होती।

## कलश स्थापना के साथ नौ दिन घरों में होती है आराधना

## सुबह–शाम आरती और पाठ से भक्तिमय रहते हैं घर

घर के शांत वातावरण में पूजा करना अधिक सहज रहता है।

नम्रिता गर्ग कसेरे का कहना है कि पूजा में स्थान से अधिक श्रद्धा मायने रखती है। नवरात्रि में परिवार के सभी सदस्य मिलकर व्रत, आरती और पूजा करते हैं। उनका कहना है कि सच्चे मन से की गई आराधना कहीं भी हो, माता रानी का आशीर्वाद मिलता है। यही कारण है कि कई परिवार नवरात्रि में भीड़भाड़ से दूर घर में ही पूजा करना पसंद करते हैं।

# भूतेश्वर रेलखंड पर सीआरएस ने परखी नई लाइनें, किया स्पीड ट्रायल

### रेल लाइनों की जांच पुल-पॉइंट से सिग्नल तक परख

### संरक्षा इंतजामों की पड़ताल


मथुरा-भूतेश्वर रेलखंड का निरीक्षण करते सीआरएस के श्रीनिवास आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा-भूतेश्वर के बीच नई अलवर लाइन और नई अप मुख्य लाइन पर बुधवार को रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) उत्तर पूर्वी परिक्षेत्र के श्रीनिवास ने गहन निरीक्षण किया। मोटर ट्रॉली से दोनों रेल लाइनों का जायजा लेने के साथ भूतेश्वर से मथुरा तक गति परीक्षण (स्पीड ट्रायल) भी किया गया। निरीक्षण में रेलपथ, सिग्नल, पॉइंट, पुल, विद्युत, दूरसंचार और परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा गया।

सीआरएस ने नई अलवर लाइन पर मथुरा से भूतेश्वर के बीच मोटर ट्रॉली से निरीक्षण किया। इस दौरान मथुरा स्थित एसएसआई पैनल कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। यहां सिग्नल और परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। नई अप मुख्य लाइन का मथुरा से भूतेश्वर के बीच निरीक्षण किया गया। सीआरएस ने रेलपथ, सिग्नल- दूरसंचार, विद्युत, पुल और परिचालन सहित विभिन्न तकनीकी और संरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रेलपथ पर पॉइंट और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी संरचनाओं की भी जांच की गई। पुलों के निरीक्षण के दौरान गर्डर, पिलर, एंगल सहित विभिन्न संरचनात्मक हिस्सों को परखा गया। सीआरएस ने रेल परिचालन की दृष्टि से इनकी संरक्षा और तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-निर्माण अजीत सिंह यादव, मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल और मथुरा जंक्शन के निदेशक सुनील कुमार शर्मा सहित आगरा मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सम्मेलन में छात्राओं ने दिखाई सशक्तिकरण की ऊर्जा

### पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में 1500 से अधिक छात्राओं ने लिया भाग

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और शस्त्र प्रदर्शन ने बांधा समां


अग्निशिखा युवती सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ करती सचिव रिया छावड़ी, साथ हैं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की ओर से बुधवार को डैंपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में अग्निशिखा युवती सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों-महाविद्यालयों की 1500 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन-दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और शस्त्र प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

महानगर उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने सम्मेलन की भूमिका बताते हुए छात्राओं में स्वावलंबन और आत्मरक्षा की भावना विकसित करने पर जोर दिया। विभाग प्रमुख सुनील कुमार राय ने अभाविप की कार्यपद्धति की जानकारी दी। प्रांत मंत्री आनंद कटेरिया ने युवा मातृशक्ति की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर विचार रखे।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह ने छात्राओं को सुरक्षा, कानूनी अधिकार और साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने की बात कही। मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की नव निर्वाचित सचिव रिया छावड़ी ने छात्राओं की सामाजिक और छात्र राजनीति में भागीदारी पर जोर दिया।

राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रांत कार्यवाहिका ललिता गुप्ता ने पंच परिवर्तन के तहत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य की चर्चा की। कार्यक्रम अध्यक्ष नीता सिंह ने अतिथियों और छात्राओं का आभार जताया।

संचालन साधना प्रजापति और विनीता शर्मा ने किया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचौरी, नयन शर्मा, विभाग संयोजक अमन पांडेय, जिला प्रमुख गोपेश ठाकुर, कपिल, दीपक, राज बारोलिया, कृष्णकांत, कान्हा चतुर्वेदी, उमंग, हिमांशु, निशांत, रश्मि, वंशीता, रिमझिम, कुमकुम, अनुष्का, भूमिका, वेदांशी, आस्था और गंगा सहित अन्य कार्यकर्ता-छात्राएं मौजूद रहीं।

## दो युवक गिरफ्तार 41देशी शराब के पव्वे बरामद

**यूनिक समय, सुरीर।** मांट पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 41 पव्वे देशी शराब बरामद की है। पुलिस टीम ने थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जाबरा से नगला बिंदा की ओर से एक युवक को रोककर तलाशी ली। उसके पास से देशी शराब के 21 पव्वे बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमित निवासी बहीन, थाना हतीन, जिला पलवल, हरियाणा बताया।

हाल में वह गांव अरुआ, थाना मांट में रह रहा था। वही दूसरी ओर पुलिस ने बारहमासी चौराहे से दरबे की ओर एक युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके कब्जे से देशी शराब के 20 पव्वे बरामद हुए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त बृजेश कुमार निवासी गांव देव नगर दरबे, थाना मांट है।

## 315 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने अभियुक्त रुकमुद्दीन निवासी मड़ोरा थाना गोवर्धन के नीम गांव चौराहे से डीग रोड की ओर से 315 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया।

# केडी हॉस्पिटल में रक्तदान कर दिया जीवन बचाने संदेश

### चिकित्सकों और कर्मचारियों ने उत्साह से किया रक्तदान

### चेयरमैन ने स्वस्थ लोगों से रक्तदान के लिए किया आह्वान


चिकित्सकों की देखरेख में रक्तदान करता युवक।

**यूनिक समय, मथुरा।** किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने के लिए किया गया रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी भावना के साथ बुधवार को केडी मेडिकल कॉलेज-हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के पैथोलॉजी विभाग की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सकों और संस्थान के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

शिविर में 'सेवा मेरा योगदान' का संदेश देते हुए लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया कि दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव, ऑपरेशन सहित कई चिकित्सकीय परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में रक्तदाता का योगदान किसी मरीज और उसके परिवार के लिए जीवन की उम्मीद बन सकता है।

संस्थान के चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। उन्होंने सक्षम लोगों से रक्तदान के प्रति जागरूक होने और इस सेवा कार्य में आगे आने का आह्वान किया। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रणीता जसवंत सिंह ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। उन्होंने रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और स्वस्थ लोगों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। शिविर में डॉ. संगीता सिंह, डॉ. सोनम बिलावरिया, डॉ. शुभम सोलंकी, एचएस शेखावत, अखिलेश शुक्ला, वीरेश कुमार, विजय सिंह, पंकज जोशी, अजय शर्मा और सुषमा देवी सहित अन्य ने सहयोग किया।

# अध्यापक पात्रता परीक्षा में शामिल होने की मिली अनुमति

### परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षामित्रों को बीएसए ने जारी किया आदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की ओर से आयोजित विशेष अध्यापक पात्रता परीक्षा (स्पेशल टीईटी) 2026 में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं और शिक्षामित्र शामिल हो सकेंगे। जिला बीएसए रतन कीर्ति ने परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिए जाने के संबंध में कार्यालय आदेश जारी किया है।

बीएसए ने कहा कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा में शामिल होने के लिए शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने बीएसए कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए थे। इन आवेदनों के आधार पर परीक्षा में शामिल होने की अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई है। बीएसए ने चेतावनी देते हुए कहा कि संबंधित शिक्षक, शिक्षिका या शिक्षामित्र विद्यालय अवधि में विशेष टीईटी की तैयारी नहीं करेंगे।

साथ ही परीक्षा में शामिल होने के लिए उन्हें कोई विशेष अवकाश प्रदान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा के कारण विद्यालय के कार्यों में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं होना चाहिए। यदि परीक्षा में शामिल होने से विद्यालय के कार्य प्रभावित होते हैं तो दी गई अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

# मंडलीय जूनियर बालिका हॉकी ट्रायल में मथुरा की तीन खिलाड़ी लेंगी हिस्सा


मंडलीय जूनियर बालिका हॉकी ट्रायल के लिए अभ्यास करती महिला टीम

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले की तीन जूनियर बालिका हॉकी खिलाड़ियों का मंडलीय चयन ट्रायल के लिए चयन किया गया है। इन खिलाड़ियों को एक अक्टूबर को आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाले मंडलीय जूनियर बालिका हॉकी चयन ट्रायल में प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा।

उप क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि एक अक्टूबर को सुबह 11 बजे एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगरा में जूनियर बालिका हॉकी चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। मंडलीय ट्रायल में प्रतिभाग के लिए मथुरा से कृतिका अग्रवाल, दीप्ति और राधा का चयन किया गया है।

# दिल की बीमारी अचानक नहीं आती, शरीर पहले देता है संकेत

### मेट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी निदेशक ने कहा- दिल का रखे ध्यान

**यूनिक समय, मथुरा।** हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों या महानगरों में रहने वाले लोगों तक सीमित नहीं है। बदलती जीवनशैली, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, तंबाकू का सेवन, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल हैं।

मेट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी निदेशक-मेडिकल डायरेक्टर डॉ. नीरज जैन ने लोगों को हृदय संबंधी लक्षणों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सीने में दबाव, जकड़न या भारीपन, दर्द का हाथ, कंधे, पीठ, गर्दन या जबड़े तक जाना, अचानक सांस फूलना, ठंडा पसीना, चक्कर, बेचैनी या असामान्य कमजोरी गंभीर समस्या के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षणों में घरेलू उपचार करने या दर्द अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि केवल शारीरिक मेहनत करना हृदय रोग से पूरी सुरक्षा की गारंटी नहीं है। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, तंबाकू सेवन या पारिवारिक इतिहास वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। डॉ. नीरज जैन के अनुसार, नियमित रूप से ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जांच, संतुलित भोजन, सीमित नमक, नियमित शारीरिक गतिविधि, स्वस्थ वजन, पर्याप्त नींद और तंबाकू से दूरी हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। समय रहते सही निर्णय जीवन बचा सकता है।

## ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर,मामी की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना बरसाना क्षेत्र में सहार और सांखी गांव के बीच बाइक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में मामी की मौत हो गई और भांजे की हालत गंभीर है। बताया गया कि भरना खुर्द निवासी प्रकाशचंद की पत्नी हेमवती अपने भांजे रिंकू के साथ बाइक से सांखी जा रही थी। रास्ते में सहार और सांखी के बीच में बाइक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां हेमवती की मौत हो गई। टिंकू की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने हेमवती के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भातू कॉलोनी में हरियाणा सीआईए की दबिश से मचा हड़कंप

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर की भातू कॉलोनी में बुधवार शाम हरियाणा की सीआईए पुलिस की अचानक दबिश से हड़कंप मच गया। बाहरी राज्य की पुलिस को कॉलोनी में देखकर लोगों में दहशत फैल गई और कई घरों में भगदड़ मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हरियाणा सीआईए पुलिस गांजा तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार किए गए एक आरोपी

### दो घरों की तलाशी के बाद खाली हाथ लौटी पुलिस

को साथ लेकर कोसीकलां आई थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी का कनेक्शन भातू कॉलोनी से है और यहां उसके द्वारा मादक पदार्थ छिपाकर रखा गया है। इसी सूचना पर हरियाणा पुलिस ने स्थानीय पुलिस को बिना जानकारी दिए ही कॉलोनी के दो चिन्हित घरों की घेराबंदी कर दी और सघन तलाशी अभियान शुरू किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महिलाएं और बच्चे घबराकर घरों से बाहर निकल आए, जबकि कई लोग अपने घरों को छोड़कर भाग निकले।

सीआईए टीम ने दोनों घरों में घंटों तक तलाशी ली। पुलिस ने घर के हर कोने, बक्से और संदिग्ध जगहों को बारीकी से खंगाला, लेकिन तलाशी के दौरान पुलिस को कहीं से भी गांजा या कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। आखिरकार काफी मशक्कत के बाद भी कुछ हाथ न लगने पर हरियाणा सीआईए पुलिस को खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा। पुलिस आरोपी को अपने साथ हरियाणा ले गई बताई है।

## शिव कथा में उमड़ी भीड़, बरसाना में घंटों जाम से हा–हाकार



बुधवार को बरसाना में शिव पुराण कथा के दौरान मेल मिलाप करते कथावाचक प्रदीप मिश्रा और योगाचार्य बाबा रामदेव।

**यूनिक समय, बरसाना।** राधारानी की नगरी बरसाना में प्रदीप मिश्रा की शिव कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। नंदगांव–बरसाना मार्ग पर गाजीपुर और संकेत के बीच 28 सितंबर से चल रही कथा में देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा स्थल के आसपास वाहनों का दबाव बढ़ने से दोनों ओर कई किलोमीटर तक जाम लग रहा है। इससे श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगों को भी घंटों परेशानी झेलनी पड़ रही है। कथा के पहले दिन डीएम और एसएसपी ने स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। इसके बावजूद मार्गों पर जाम की स्थिति में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा। वाहन घंटों सड़कों पर रेंगते रहे। स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, व्यापारियों और रोजमर्रा के काम से आने–जाने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कई स्थानों पर यातायात डायवर्ट किया है, लेकिन वैकल्पिक मार्गों पर भी वाहनों का दबाव बढ़ने से समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल डायवर्जन से इतनी बड़ी भीड़ का यातायात प्रबंधन संभव नहीं है। पार्किंग, प्रवेश और निकासी की स्पष्ट व्यवस्था तथा प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल की जरूरत महसूस हो रही है।

## मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को सुरक्षा का पाठ



मिशन शक्ति जागरूकता के दौरान छात्राएं और महिला पुलिसकर्मी।

**यूनिक समय, सुरीर।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत बुधवार को थाना सुरीर के समीप ओहावा रोड पर पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

एसएसपी के निर्देशन में चलाए गए अभियान में महिला उपनिरीक्षक दिव्या कुमारी, टीना कुमारी और बृक्षा कुमारी ने महिलाओं और बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय और महिला संबंधी अपराधों से बचाव की जानकारी दी। सार्वजनिक स्थानों, बसों और रास्तों में छेड़खानी या उत्पीड़न होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस ने 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 112 पुलिस आपातकालीन सेवा समेत

### महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और अधिकारों की दी जानकारी

### हेल्पलाइन नंबरों के साथ साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अन्य हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे सोशल मीडिया मंचों का सावधानी से इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। पुलिस ने 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 102 और 108 एंबुलेंस, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन और 1930 साइबर हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए परेशानी होने पर तत्काल सहायता लेने की अपील की।

## वाल्मीकि समाज को बदनाम करने वालों के खिलाफ फूटा आक्रोश

**यूनिक समय, कोसीकलां।** छाता शुगर मिल धरने के दौरान अभद्र भाषा के प्रयोग को लेकर दर्ज कराए गए मुकदमे में शिकायतकर्ता द्वारा एफआईआर वापस लेने के बाद भी वाल्मीकि समाज के नाम पर राजनीति करने वाले स्वयंभू नेता के खिलाफ अब समाज में आक्रोश फूट पड़ा है। वाल्मीकि नेता किशोर वाल्मीकि और मनोनीत सभासद सौरभ बल्मीकि ने समाज के बीच ऐसे नेता के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है।

किशोर वाल्मीकि ने कहा कि कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए पूरे वाल्मीकि समाज को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। जब शिकायतकर्ता गिर्राज सिंह बाल्मीकि निवासी बठैनगेट ने खुद ही थाने में प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर को निराधार बताकर राजीनामा दे दिया और कहा कि सामाजिक लोगों की समझाइश पर वह मुकदमा समाप्त कर रहे हैं, तो फिर

### किशोर वाल्मीकि और मनोनीत सभासद ने खोला मोर्चा

समाज के नाम पर धरना-प्रदर्शन का क्या मतलब है। वहीं मनोनीत सभासद ने भी समाज के सामने आक्रोश जताते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज बाबा साहब के आदर्शों पर चलने वाला समाज है, जो जोड़ने में विश्वास रखता है, तोड़ने में नहीं। कुछ लोग समाज को गुमराह कर अपनी दुकान चला रहे हैं, जिन्हें समाज अब पहचान चुका है। इस दौरान बड़ी संख्या में बाल्मीकि समाज के लोग भी खुलकर सामने आए और समाज को बदनाम करने वाले नेता के खिलाफ एकजुटता दिखाई। लोगों ने कहा कि समाज के नाम पर राजनीति बंद होनी चाहिए और जो लोग समाज को बदनाम कर रहे हैं, उनका समाज बहिष्कार करेगा।

## नगर पालिका में सफाई मित्रों को मिला सुरक्षा कवच

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में दिन-रात जुटे रहने वाले सफाई मित्रों की सुरक्षा के लिए नगर पालिका परिषद ने एक सराहनीय पहल की है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बुधवार को सफाई मित्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पीपीई किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने सफाई मित्रों को पीपीई किट का वितरण किया। किट में हैंड ग्लव्स, मास्क, सेफ्टी जूते, हेलमेट, जैकेट और सैनिटाइजर सहित सुरक्षा से जुड़े सभी उपकरण शामिल थे। इस अवसर पर चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि सफाई मित्र हमारे नगर की रीढ़ हैं, जो दिन-रात मेहनत कर

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बांटी गईं पीपीई किट

नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाते हैं। उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित माहौल में ही कर्मचारी बेहतर कार्य कर सकते हैं, इसलिए पालिका हर स्तर पर उनकी सुविधाओं का ध्यान रख रही है। उन्होंने सफाई मित्रों को स्वास्थ्य-सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया और अपील की कि कार्य के दौरान अनिवार्य रूप से पीपीई किट का उपयोग करें। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी, सफाई नायक और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोपालबाग आगरा कैनाल में फिर तैरता दिखा अज्ञात व्यक्ति का शव



**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के गोपालबाग स्थित आगरा कैनाल में बुधवार शाम एक बार फिर अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। कैनाल किनारे खेतों पर काम कर रहे किसानों ने जब पानी में शव को उतराते हुए देखा तो हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव औंधे मुंह पानी में तैर रहा था और कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। शव मिलने की सूचना आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई और कैनाल किनारे ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन देर शाम तक समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा शव को कैनाल से बाहर नहीं निकाला जा सका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव कैनाल के पानी में ही तैरता हुआ आगे निकल गया।

## रामलीला महोत्सवः सफाई में जुटा पालिका प्रशासन

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर में छह अक्टूबर से शुरू होने वाले ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल है। एक ओर जहां रामलीला संस्थान के पदाधिकारी दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं, तो वहीं दूसरी ओर नगर पालिका ने भी अपनी तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। नगर पालिका चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल के निर्देश पर बुधवार सुबह से ही पालिका कर्मियों की टीम रामलीला ग्राउंड में पहुंच गई और विशेष सफाई अभियान चलाया। जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मदद से ग्राउंड में पड़े कचरे, मलबे और उगी हुई झाड़ियों को हटाया गया। चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि रामलीला महोत्सव हमारे नगर की शान है और हमारी सनातन संस्कृति का प्रतीक है। इसमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ग्राउंड में प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल और साफ-सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था की जाएगी।

## मंडलीय सब जूनियर बालक कबड्डी ट्रायल में मथुरा के छह खिलाड़ी होंगे शामिल



मंडलीय सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में जाने के लिए ट्रायल करते खिलाड़ी।

**यूनिक समय, मथुरा।** आगरा मंडल के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक अक्टूबर को मंडलीय सब जूनियर बालक कबड्डी चयन ट्रायल आयोजित की जाएगी। ट्रायल दोपहर दो बजे से शुरू होंगे। इसमें जनपद मथुरा के चयनित छह खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उप क्रीड़ा अधिकारी मथुरा आजाद सिंह ने बताया कि जिले से चयनित खिलाड़ियों में युग चौधरी (55 किलोग्राम), प्रमोद (57 किलोग्राम), कृष्णकांत (50 किलोग्राम), मोहित (51 किलोग्राम), कृष्ण मुरारी (52 किलोग्राम) और गौरव चौधरी (58 किलोग्राम) शामिल हैं।

# बंदरों के हिलाने से गिरा जर्जर विद्युत खंभा

**यूनिक समय, सुरीर।** कराहरी के मुख्य बाजार में बुधवार दोपहर बंदरों के झुंड द्वारा हिलाए जाने से जर्जर विद्युत खंभा अचानक सड़क पर गिर गया। पोल गिरते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इसकी चपेट में कोई दुकानदार या राहगीर नहीं आया और बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 11:30 बजे बंदरों का झुंड विद्युत पोल पर चढ़कर उसे हिलाने लगा। पहले से कमजोर पोल अचानक संतुलन खो बैठा और सड़क पर जा गिरा। पोल गिरता देख बाजार में मौजूद लोग बचने के लिए इधर–उधर भागने लगे।



दुकान पर टिका बंदरों से गिरा विद्युत खंभा।

ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य बाजार में कई विद्युत पोल लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। यहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है, जिससे हादसे

### मुख्य बाजार में मची अफरा-तफरी, ग्रामीणों ने खंभा बदलने की मांग उठाई

### बाल-बाल बचे दुकानदार और राहगीर, टला बड़ा हादसा

की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से सभी जर्जर पोलों का निरीक्षण कराकर कमजोर पोल तत्काल बदलवाने की मांग की है। साथ ही बंदरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बिजली लाइनों और पोलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## आरसीसी केंद्र का ताला तोड़कर चोरी

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन तहसील के बल्टीकरी गांव स्थित आरसीसी केंद्र में बुधवार को अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर केंद्र में रखे प्लास्टिक से भरे करीब 8 से 10 कट्टे ले गए। सफाई कर्मचारियों के पहुंचने पर घटना का पता चला। ग्रामीणों के मुताबिक, क्षेत्र में पहले भी चोरी की वारदात हो चुकी है।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि सनी देओल पुत्र श्री देवीराम नि0 बठैनकलां, मथुरा अपनी संपत्ति क्षेत्रफल 79.71 वर्ग मीटर, जो खसरा न. 555 के भाग, मौजा–बठैन कलां, तहसील–छाता मथुरा में स्थित है, जो अब सितारा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बंधक प्रस्तावित है उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 5 (पाँच) दिनों के भीतर लिखित रूप में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

रविन्द्र चौधरी एडवोकेट
मो. 7417296353

## सुविचार

महानता कभी न गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | पंचमी | 02:55-12:35 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | रोहिणी | 06:02-04:27 तक | माह | आश्विन |
| सूर्योदय | | 6:18 AM | चन्द्रोदय | 09:41 PM |
| सूर्यास्त | | 6:14 PM | चंद्रास्त | 10:53 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | वृष राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:41-05:29 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 01:45 PM: 03:15 PM | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# गयाजी के इन पवित्र स्थलों पर तर्पण से 21 पीढ़ियों का होता है उद्धार

**यूनिक समय, मथुरा।** पितृपक्ष के दौरान बिहार का गयाजी पिंडदान और तर्पण के लिए देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यहां विधि–विधान से पिंडदान और तर्पण करने से पितरों की आत्मा को शांति और मोक्ष की प्राप्ति की कामना की जाती है। गयाजी क्षेत्र में 45 से अधिक ऐसे पवित्र स्थल बताए जाते हैं, जहां अलग–अलग परंपराओं के अनुसार पितृ कर्म किए जाते हैं। इन स्थानों को विभिन्न धार्मिक मान्यताओं और पितृ दोषों से जोड़कर देखा जाता है।



गयाजी के प्रमुख पिंडदान स्थलों में विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी और अक्षयवट का विशेष स्थान माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि विष्णुपद मंदिर में भगवान विष्णु के चरणचिन्ह मौजूद हैं। श्रद्धालु यहां पिंड अर्पित कर अपने पितरों की शांति और मोक्ष की कामना करते हैं। फल्गु नदी के तट पर

### विष्णुपद, फल्गु और अक्षयवट का खास महत्व

### रामशिला, प्रेतशिला और सीता कुंड की है मान्यताएं

पिंडदान और तर्पण की परंपरा भी बेहद पुरानी मानी जाती है।

धार्मिक कथा के अनुसार, माता सीता ने इसी स्थान पर राजा दशरथ का पिंडदान किया था। वहीं अक्षयवट को पितृ कर्म के लिए महत्वपूर्ण स्थल माना जाता है। मान्यता है कि यहां किए गए पिंडदान से पितरों को स्थायी शांति मिलती है।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

प्रेतशिला पर्वत को असामयिक या असामान्य परिस्थितियों में मृत्यु को प्राप्त लोगों के पितृ कर्म से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता है कि यहां पिंडदान करने से प्रेत बाधा और पितृ दोष से मुक्ति की कामना की जाती है। रामशिला को भगवान राम द्वारा राजा दशरथ के श्राद्ध से जुड़ा स्थान माना जाता है।

सीता कुंड भी गयाजी के प्रमुख पितृ कर्म स्थलों में शामिल है। इसके अलावा ब्रह्मयोनि पर्वत, धर्मारण्य, मंगला गौरी, उत्तरमानस, सूर्यकुंड और वैतरणी में भी श्राद्ध और तर्पण की परंपरा है। धार्मिक मान्यताओं में इन स्थलों पर पितृ कर्म करने से अलग–अलग पारिवारिक बाधाओं और पितृ दोषों से मुक्ति की कामना की जाती है।

# कक्षा नौ में अब बच्चे सीखेंगे बिजनेस की बारीकियां




### इतिहास के साथ अर्थशास्त्र भी होगा ज्यादा व्यावहारिक

### लिज्जत पापड़, ओबेरॉय से समझेंगे उद्यमिता के गुर

### छात्रों को टैक्स और निवेश भी समझाया जाएगा

**यूनिक समय, मथुरा।** एनसीईआरटी की कक्षा 9 की नई सोशल साइंस किताब में इतिहास, भूगोल, राजनीतिक विज्ञान और अर्थशास्त्र को ज्यादा व्यावहारिक तरीके से पढ़ाने की कोशिश की गई है। नई किताब में मध्यकालीन भारत के संघर्षों के साथ अलग–अलग समुदायों के सहयोग और सामाजिक मेल–जोल का भी उल्लेख किया गया है।

इतिहास के हिस्से में रानी नायकी देवी, महाराणा प्रताप, लचित बरफुकन और रानी अब्बक्का चौटा जैसे उदाहरण शामिल किए गए हैं।

छात्रों को शासन व्यवस्था और नागरिकों की भूमिका से जुड़े विषय भी पढ़ाए जाएंगे।

अर्थशास्त्र को रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़ते हुए छात्रों को इनकम टैक्स स्लैब, बीमा, उधार और निवेश के जोखिम समझाए जाएंगे। हेल्थ इंश्योरेंस के लिए आयुष्मान भारत का उदाहरण दिया गया है।

उद्यमिता की समझ विकसित करने के लिए लिज्जत पापड़ और होटल कारोबारी मोहन सिंह ओबेरॉय के उदाहरण शामिल किए गए हैं। अभ्यास में छात्रों से घर का बजट तैयार करने, टैक्स रिटर्न की प्रक्रिया समझने और अपना बिजनेस प्लान बनाने जैसे कार्य भी कराए जाएंगे। किताब को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के अनुरूप तैयार किया गया है।

# एनआईटी राउरकेला में छात्र को मिला 1.31 करोड़ का पैकेज




### 83 छात्रों ने पार किया 30 लाख रुपये से अधिक का पैकेज

### 374 कंपनियों ने दिए 1340 नौकरी प्रस्ताव

**यूनिक समय, मथुरा।** एनआईटी राउरकेला में वर्ष 2026 के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रोजगार प्रक्रिया में शानदार परिणाम सामने आए हैं। संस्थान के एक विद्यार्थी को सबसे अधिक 1.31 करोड़ रुपये का वार्षिक वेतन प्रस्ताव मिला। विद्यार्थियों को मिलने वाला औसत वार्षिक वेतन 15.33 लाख रुपये और बीच का औसत 12.50 लाख रुपये रहा।

संस्थान के अनुसार, 83 से अधिक विद्यार्थियों को 30 लाख रुपये से अधिक वार्षिक वेतन के प्रस्ताव मिले। कुल रोजगार दर 95.47 प्रतिशत रही। इस दौरान 374 कंपनियां संस्थान पहुंचीं और विद्यार्थियों को 1,340 नौकरी के प्रस्ताव मिले। इनमें करीब आधी कंपनियां पहली बार रोजगार देने के लिए पहुंचीं।

विद्यार्थियों को सूचना तकनीक, सॉफ्टवेयर, विनिर्माण, बैंकिंग, वित्त, इलेक्ट्रॉनिक्स और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में अवसर मिले। कुल चयन में लगभग 41.69 प्रतिशत अवसर मुख्य तकनीकी क्षेत्रों से जुड़े रहे।

प्रशिक्षण के दौरान भी विद्यार्थियों को अच्छे अवसर मिले। कुछ विद्यार्थियों को हर महीने 1.50 लाख रुपये तक की प्रशिक्षण राशि मिली। संस्थान ने बताया कि उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने पर लगातार जोर दिया जा रहा है।

# व्हाट्सएप बिजनेस पर कल से नए शुल्क लागू



### बड़े कारोबारों के सर्विस मैसेज पर लगेगा शुल्क

### आम यूजर्स और छोटे कारोबारियों पर असर नहीं

### हर महीने हजार संदेश मिलेंगे मुफ्त

**यूनिक समय, मथुरा।** वॉट्सएप बिजनेस प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करने वाली बड़ी कंपनियों के लिए 1 अक्टूबर 2026 से नियम बदल जाएंगे। कंपनियों को अब ग्राहकों को भेजे जाने वाले कुछ सर्विस मैसेज के लिए शुल्क देना होगा। हालांकि आम व्हाट्सएप यूजर्स और छोटे कारोबारियों के लिए इस्तेमाल पहले की तरह मुफ्त रहेगा।

अब तक ग्राहक के मैसेज करने के बाद कंपनी 24 घंटे के भीतर ऑर्डर कन्फर्मेशन, डिलीवरी अपडेट और ट्रैकिंग लिंक जैसे संदेश बिना शुल्क भेज सकती थी। नए नियमों के तहत इन मैसेज पर शुल्क लगेगा। कंपनियों को 30 सितंबर तक अपने अकाउंट में भुगतान का तरीका जोड़ना होगा, वरना सर्विस मैसेज की डिलीवरी रुक सकती है।

कंपनियों को ग्राहकों के सवालों के जवाब देने के लिए हर बिजनेस नंबर पर महीने में 1,000 सर्विस मैसेज मुफ्त मिलेंगे। इसके बाद अतिरिक्त संदेशों पर शुल्क देना होगा। 24 घंटे की विंडो के बाद भेजे जाने वाले संदेशों पर पहले की तरह शुल्क लागू रहेगा।

फेसबुक या इंस्टाग्राम के विज्ञापन से व्हाट्सएप चैट शुरू होने पर अगले 72 घंटे तक कंपनी के संदेश मुफ्त रहेंगे। यह बदलाव मुख्य रूप से व्हाट्सएप बिजनेस प्लेटफॉर्म यानी बड़ी कंपनियों के ऑटोमेटेड सिस्टम पर लागू होगा, न कि सामान्य वॉट्सएप या छोटे दुकानदारों के बिजनेस ऐप पर।

# इंसान पार कर चुका है धरती की सात सीमाएं, दो पर बढ़ा खतरा

**यूनिक समय, मथुरा।** धरती के पर्यावरणीय संतुलन को लेकर वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ती जा रही है। वैज्ञानिक आकलन के मुताबिक पृथ्वी की नौ प्रमुख पर्यावरणीय सीमाओं में से सात सुरक्षित दायरे को पार कर चुकी हैं। इन्हें प्लैनेटरी बाउंड्रीज कहा जाता है। इन सीमाओं के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि इंसानी गतिविधियों का पृथ्वी के प्राकृतिक तंत्र पर कितना दबाव पड़ रहा है।

जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी, भूमि उपयोग में बदलाव, मीठे पानी का अत्यधिक दोहन, नाइट्रोजन–फास्फोरस चक्र में असंतुलन, रासायनिक प्रदूषण और समुद्री अम्लीकरण प्रमुख चिंताओं में शामिल हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार इन बदलावों का असर जंगलों, नदियों, महासागरों और जीव–जंतुओं पर दिखाई दे रहा है।



जलवायु परिवर्तन के पीछे वायुमंडल में बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड को प्रमुख कारकों में गिना जाता है। जंगलों की कटाई और कृषि क्षेत्र के विस्तार से प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो रहे हैं। वहीं नदियों और भूजल के अत्यधिक इस्तेमाल से मीठे पानी के संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। समुद्री अम्लीकरण भी वैज्ञानिकों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। महासागर मानव गतिविधियों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड का बड़ा हिस्सा सोखते हैं। हालांकि, समुद्री पानी की बढ़ती अम्लीयता से प्रवाल भित्तियों और कई समुद्री जीवों पर असर पड़ सकता है।

वैज्ञानिक आंकलन के अनुसार नौ में से दो सीमाएं अभी वैश्विक स्तर पर

### सात सीमाएं पार, बढ़ रहा पर्यावरणीय दबाव

### दो सीमाएं अभी सुरक्षित, सुधार संभव

सुरक्षित दायरे में बनी हुई हैं। इनमें ओजोन परत और वायुमंडलीय एरोसोल शामिल हैं। ओजोन परत की स्थिति में सुधार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए प्रयासों से जोड़कर देखा जाता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी की स्थिति चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सुधार की संभावनाएं बनी हुई हैं। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने, जंगलों की कटाई रोकने, प्रदूषण नियंत्रित करने और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित इस्तेमाल से पर्यावरण पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सकता है।

# गांधी की पढ़ाई के अंक जानकर रह जाएंगे हैरान

**यूनिक समय, मथुरा।** महात्मा गांधी की पढ़ाई से जुड़ी जानकारी आज भी विद्यार्थियों के लिए रोचक है। उपलब्ध विवरण के अनुसार, उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में 625 में से 247.5 अंक हासिल किए थे। अंग्रेजी में उन्हें 89 अंक मिले, जबकि गुजराती में 45, गणित में 59, इतिहास में 20, विज्ञान में 34 और सामान्य ज्ञान में 54 अंक मिले थे। मैट्रिक के बाद गांधी ने भावनगर के सामलदास महाविद्यालय में प्रवेश लिया, लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड चले गए। वर्ष 1888 में लंदन पहुंचकर उन्होंने कानून की शिक्षा ली। वह इनर टेंपल से जुड़े और 10 जून 1891 को उन्हें बैरिस्टर के रूप में मान्यता मिली। इसके बाद भारत लौटकर उन्होंने वकालत शुरू की।



### अंग्रेजी में मिले थे सबसे ज्यादा अंक

### कानून पढ़कर बने थे योग्य बैरिस्टर

## सम्पादकीय

# बाबाओं के चमत्कार में अंधविश्वास का बाजार गर्म

उत्तर प्रदेश की धरती संतों, साधुओं, मंदिरों और आध्यात्मिक परंपराओं की धरती है। यहां आस्था जीवन का हिस्सा है। लेकिन जब इसी आस्था के सहारे चमत्कार, भय और लालच का कारोबार शुरू हो जाए तो सवाल उठना जरूरी है।

बुंदेलखंड में सामने आए कथित फर्जी बाबाओं के दावे इसी चिंता को सामने लाते हैं। कोई सरकारी जमीन पर कब्जे की योजना बता रहा है, कोई मंत्र न जानने के बावजूद नया मंत्र बनाने का दावा कर रहा है और कोई अपने पोस्टर के जरिये घर की गतिविधियां देखने की बात कर रहा है। नरबलि जैसे दावे तो अंधविश्वास की भयावह सीमा दिखाते हैं।



पवन गौतम
संपादक

मथुरा-वृंदावन में यह सवाल और संवेदनशील हो जाता है। यह ब्रज की वह धरती है जहां देश-दुनिया से श्रद्धालु आध्यात्मिक शांति की तलाश में आते हैं। हाल ही में वृंदावन के गुरु कृपा कुंज में संत प्रेमानंद महाराज से जुड़े 25 वर्षीय साधक दीपक लोधी उर्फ रसिक दुलारी शरण की चौथी मंजिल से गिरने के बाद मौत हुई। पुलिस की शुरुआती जांच में आत्महत्या की आशंका जताई गई, लेकिन मौत की परिस्थितियों को लेकर जांच जारी है। पोस्टमार्टम में सिर, पसलियों और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटों की जानकारी सामने आई है।

यह घटना किसी संत या आश्रम को दोषी ठहराने का आधार नहीं है, लेकिन यह जरूर बताती है कि बड़े आश्रमों और धार्मिक परिसरों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा, निगरानी और पारदर्शिता कितनी महत्वपूर्ण है। रिपोर्टों के अनुसार संबंधित परिसर में करीब 50 साधक रहते हैं। मथुरा में जुलाई में वृंदावन के एक आश्रम से जुड़े एक करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी और 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में भी मुकदमा दर्ज हुआ था। यह मामला भी जांच के अधीन है।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

असली संत से सवाल पूछिए तो ज्ञान मिलेगा, लेकिन ढोंग के दरबार में अक्सर डर और भ्रम बिकता है। आज चमत्कार का बाजार भी सामाजिक माध्यम पर चलता है-कैमरा लगा, वीडियो बना और बाबा की प्रसिद्धि शुरू।

आस्था छोड़ने की जरूरत नहीं, विवेक जगाने की जरूरत है। प्रशासन को भी ऐसे मामलों में सरकारी जमीन, आर्थिक लेन-देन, सुरक्षा और कथित चमत्कारों की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। क्योंकि श्रद्धा आंखें बंद करने का नाम नहीं। सच्ची आस्था वही है, जिसमें विश्वास के साथ विवेक भी जीवित रहे।

## नजरिया

# राम-शिव को लेकर रेवंत के बयान से मचा सियासी संग्राम

बोध प्रकाश सगुणी

भारतीय राजनीति में धर्म और आस्था का इस्तेमाल कोई नई बात नहीं है। अलग-अलग राजनीतिक दल समय-समय पर धार्मिक प्रतीकों, मंदिरों और आस्थाओं से जुड़े मुद्दों को अपने राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाते रहे हैं। लेकिन बहस तब गंभीर हो जाती है, जब देवी-देवताओं को ही सामाजिक, आर्थिक या क्षेत्रीय खांचों में बांटकर देखने की कोशिश की जाए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का भगवान राम और भगवान शिव को लेकर दिया गया हालिया बयान इसी वजह से चर्चा में है।

रेड्डी ने एक कार्यक्रम में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि शिव गरीबों के भगवान हैं, जबकि राम अमीरों के भगवान हैं। उन्होंने भाजपा पर भगवान राम को राजनीतिक रूप से अपने पक्ष में करने का आरोप लगाया और उत्तर-दक्षिण तथा द्रविड़-आर्य पहचान का संदर्भ भी दिया। उनके बयान के बाद भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार ने आरोप लगाया कि राम और शिव को राजनीतिक विभाजन में खड़ा करना उचित नहीं है। उन्होंने तेलंगाना के वेमुलवाड़ा को दक्षिण काशी और भद्राचलम को दक्षिण अयोध्या कहे जाने का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि दोनों आस्थाओं को क्षेत्रीय सीमाओं में कैसे बांटा जा सकता है।

यहां मूल प्रश्न किसी एक दल या नेता का समर्थन अथवा विरोध करने का नहीं, बल्कि यह समझने का है कि क्या करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था को राजनीतिक वर्गीकरण में रखना उचित है? राम को अमीरों और शिव को गरीबों का भगवान बताने वाली राजनीतिक भाषा क्या वास्तव में भारतीय धार्मिक परंपराओं की जटिलता को समझाती है या उसे एक चुनावी नारे में बदल देती है?

हिंदू धार्मिक परंपरा में भगवान राम की कथा को केवल राजसत्ता और वैभव से जोड़ना अधूरा चित्र प्रस्तुत करता है। राम के जीवन में वनवास, त्याग, निषादराज गुह से संबंध, शबरी की भक्ति और वनवासी समाज के साथ संवाद जैसे प्रसंग प्रमुख हैं। इन कथाओं की धार्मिक व्याख्याओं में सामाजिक प्रतिष्ठा या आर्थिक संपन्नता से अधिक भक्ति, कर्तव्य और मर्यादा को महत्व दिया गया है। इसलिए राम की आस्था को केवल किसी आर्थिक वर्ग के साथ जोड़ना धार्मिक परंपरा की व्यापकता को सीमित कर देता है।

इसी तरह भगवान शिव की आराधना भी किसी एक आर्थिक या सामाजिक वर्ग तक सीमित नहीं रही। शिव की उपासना भारत के अलग-अलग क्षेत्रों, संप्रदायों और सामाजिक समूहों में सदियों से होती रही है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक शिव मंदिरों की व्यापक परंपरा इस बात का उदाहरण है कि शिव को किसी एक क्षेत्र या वर्ग की धार्मिक पहचान के रूप में सीमित करना भी उचित नहीं होगा।

राम और शिव के संबंधों को लेकर हिंदू धार्मिक साहित्य में भी अनेक संदर्भ मिलते हैं। रामचरितमानस में भगवान राम द्वारा शिव की महिमा का वर्णन किया गया है और शिव-राम भक्ति परंपरा में दोनों के बीच गहरे आध्यात्मिक संबंध की व्याख्या की जाती है। दूसरी ओर शिव परंपरा में भी राम को भगवान विष्णु के अवतार के रूप में सम्मान प्राप्त है। यानी धार्मिक आख्यानों की व्यापक परंपरा में राम और शिव को एक-दूसरे के राजनीतिक विरोधी खेमों में रखना स्वाभाविक धार्मिक दृष्टि नहीं है।

यही कारण है कि राजनीतिक भाषणों में धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल करते समय शब्दों की मर्यादा और संदर्भ दोनों महत्वपूर्ण हो जाते हैं। किसी नेता के बयान को उसके राजनीतिक संदर्भ में समझना जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी यह देखना है कि ऐसे बयान समाज में मौजूद धार्मिक और क्षेत्रीय भावनाओं को किस तरह प्रभावित कर सकते हैं।




रेड्डी ने अपने बयान में दक्षिण भारत को शिव और उत्तर भारत को राम की आस्था से जोड़ने का प्रयास भी किया। लेकिन भारत की धार्मिक परंपरा ऐसी सरल भौगोलिक रेखाओं में नहीं बंटी है। उत्तर भारत में शिव के बड़े तीर्थ हैं तो दक्षिण भारत में राम की गहरी धार्मिक परंपरा मौजूद है। अयोध्या और काशी जितने महत्वपूर्ण हैं, उतने ही दक्षिण में रामेश्वरम और अन्य राम-शिव परंपरा से जुड़े तीर्थ भी हैं। धार्मिक भारत का स्वरूप राजनीतिक नक्शे से कहीं अधिक व्यापक है।

यहां एक दूसरा पहलू भी महत्वपूर्ण है। भाजपा पर भगवान राम के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप लगाना एक राजनीतिक दावा है, जिस पर दलों के बीच मतभेद हो सकते हैं। लेकिन जब जवाब में किसी दूसरे देवता को किसी दूसरे सामाजिक वर्ग से जोड़ दिया जाता है, तब बहस उसी धार्मिक राजनीति के दूसरे रूप में बदलने का जोखिम पैदा करती है। यदि धर्म को राजनीति से अलग रखने की मांग है, तो उसका आधार सभी धार्मिक आस्थाओं के प्रति समान मर्यादा होना चाहिए।

किसी भी राजनीतिक दल के लिए यह सवाल विचारणीय है कि क्या धार्मिक प्रतीकों के सहारे सामाजिक या क्षेत्रीय विभाजन की भाषा राजनीति को मजबूत करती है या समाज में अनावश्यक खांचे बनाती है। राम और शिव किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं हैं। उनकी पूजा और उनसे जुड़ी परंपराएं भारत की साझा धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं।

राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं। सरकारों की नीतियों, विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय पर तीखी बहस भी लोकतंत्र की आवश्यकता है। लेकिन जब राजनीतिक तर्क को मजबूत करने के लिए भगवानों को अमीर-गरीब, उत्तर-दक्षिण या किसी राजनीतिक खेमे में बांटने की भाषा सामने आती है, तब सार्वजनिक विमर्श की मर्यादा पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

आस्था व्यक्तिगत भी है और सांस्कृतिक भी। उसे राजनीतिक बहस का विषय बनाया जा सकता है, लेकिन उसके मूल स्वरूप को समझे बिना राजनीतिक खांचे में रखना विवाद को जन्म देता है। राम हों या शिव-दोनों के भक्तों की संख्या किसी एक वर्ग, क्षेत्र या राजनीतिक दल से तय नहीं होती। इसलिए राजनीति चाहे जितनी प्रतिस्पर्धी हो, आस्था को बांटने वाली भाषा से बचना ही सार्वजनिक संवाद की स्वस्थ दिशा हो सकती है।

## विचार विंडो

# मोबाइल में सूचनाओं का सैलाब, सच की तलाश क्यों है मुश्किल

राम प्रकाश शर्मा

एक बुजुर्ग के मोबाइल पर संदेश आया-आपकी पेंशन बंद होने वाली है, तत्काल केवाईसी के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करें। घबराए बुजुर्ग ने लिंक खोला और कुछ ही देर में उनके बैंक खाते से हजारों रुपये निकल गए। मोबाइल उनके हाथ में था, संदेश सामने था, लेकिन सूचना सच नहीं थी। यही आज के डिजिटल दौर की सबसे बड़ी विडंबना है-सूचना हमारे हाथ में पहले से कहीं अधिक है, लेकिन सही सूचना की पहचान पहले से कहीं कठिन हो गई है।

कभी सूचना सुविधा हुआ करती थी, आज जीवन की अनिवार्य जरूरत बन चुकी है। मौसम की जानकारी से लेकर मंडी के भाव तक, स्कूल में दाखिले से लेकर पेंशन के नियमों तक, हर छोटे-बड़े फैसले के लिए सूचना चाहिए। स्मार्टफोन ने दुनिया भर की जानकारी हमारी जेब में पहुंचा दी है। समस्या यह है कि जानकारी का होना और विश्वसनीय जानकारी का होना एक बात नहीं है। हम सूचना के अभाव से निकलकर सूचना के ऐसे सैलाब में पहुंच चुके हैं, जहां सच, आधा सच और झूठ एक ही स्क्रीन पर दिखाई देते हैं।

डिजिटल क्रांति ने सरकारी सेवाओं को नागरिकों के करीब जरूर किया है। विभिन्न सरकारी पोर्टलों और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से प्रमाणपत्र, दस्तावेज, पेंशन, योजनाओं और दूसरी सुविधाओं की जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध हो रही है। यह बदलाव स्वागतयोग्य है। लेकिन डिजिटल पहुंच तभी सार्थक है, जब नागरिक उस जानकारी को आसानी से समझ भी सके। कई बार सरकारी वेबसाइटों और पोर्टलों की भाषा इतनी जटिल होती है कि सामान्य व्यक्ति जानकारी सामने होने के बावजूद उसका अर्थ समझने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति पर निर्भर हो जाता है।



सूचना का अधिकार लोकतंत्र में नागरिकों को सवाल पूछने की शक्ति देता है। लेकिन सूचना का अधिकार केवल सरकारी रिकॉर्ड हासिल करने तक सीमित नहीं होना चाहिए। नागरिकों तक सही, स्पष्ट और समय पर जानकारी पहुंचना भी अच्छे शासन की बुनियादी शर्त है। सरकार की किसी योजना का लाभ तभी वास्तविक होगा, जब पात्र व्यक्ति को यह पता हो कि योजना क्या है, उसके लिए पात्रता क्या है और आवेदन कैसे करना है।

दूसरी तरफ डिजिटल दुनिया ने फर्जी सूचनाओं और साइबर ठगी की चुनौती को भी बढ़ाया है। बैंक खाते, पेंशन, बिजली बिल, मोबाइल कनेक्शन, सरकारी योजना और पुरस्कार के नाम पर आने वाले संदेश लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। एक गलत लिंक पर क्लिक करना आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है। फर्जी खबरें केवल पैसे का नुकसान नहीं करतीं, वे सामाजिक विश्वास को भी कमजोर करती हैं।

यही वह जगह है जहां नागरिक की सूचना-विवेक क्षमता सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। कोई संदेश कितना भी विश्वसनीय क्यों न लगे, उसे तुरंत आगे बढ़ाने के बजाय कुछ बुनियादी सवाल पूछने चाहिए-सूचना का स्रोत क्या है? इसे किसने जारी किया है? क्या यही जानकारी आधिकारिक वेबसाइट या विश्वसनीय माध्यम पर भी उपलब्ध है? संदेश में डर, लालच या जल्दबाजी पैदा करने की कोशिश तो नहीं की जा रही? इन छोटे सवालों से कई बड़े नुकसान रोके जा सकते हैं।

सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने सूचना के प्रसार की रफ्तार कई गुना बढ़ा दी है। इसके फायदे हैं, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। तस्वीरों, वीडियो और आवाज के साथ छेड़छाड़ करके ऐसी सामग्री तैयार की जा सकती है जो पहली नजर में वास्तविक लगे। ऐसे वातावरण में केवल डिजिटल रूप से सक्षम होना पर्याप्त नहीं है। नागरिक को यह भी सीखना होगा कि सामने आई सामग्री को परखा कैसे जाए।

प्रशासन के लिए भी चुनौती कम नहीं है। नागरिकों को केवल पोर्टल उपलब्ध करा देना पर्याप्त नहीं है। सूचना सरल भाषा में, समय पर और यथासंभव स्वतः उपलब्ध होनी चाहिए। किसान को मौसम और फसल के भाव की जानकारी उसकी समझ की भाषा में मिले, पेंशनभोगी को भुगतान और सत्यापन की स्थिति स्पष्ट दिखाई दे और विद्यार्थी को प्रवेश की प्रक्रिया बिना किसी भ्रम के समझ आए-तभी डिजिटल शासन वास्तव में नागरिक-केंद्रित माना जाएगा।

पारदर्शिता, सशक्तीकरण, भरोसा और जवाबदेही-ये चारों एक-दूसरे से जुड़े हैं। सही सूचना नागरिक को सवाल पूछने का अधिकार देती है और सवाल जवाबदेही को जन्म देते हैं। इसके उलट गलत या अधूरी सूचना नागरिक को भ्रमित करती है और व्यवस्था पर अविश्वास पैदा करती है।

आज सबसे बड़ी जरूरत यह जानने की नहीं है कि सूचना कहां मिलेगी, बल्कि यह समझने की है कि किस सूचना पर भरोसा किया जाए और क्यों किया जाए। हर वायरल संदेश खबर नहीं होता और हर चमकदार वीडियो सच नहीं होता। सूचना को आगे बढ़ाने से पहले उसकी पुष्टि करना अब केवल समझदारी नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

विकसित भारत केवल तेज इंटरनेट, अधिक डेटा खपत, बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म या आधुनिक तकनीक से नहीं बनेगा। उसकी असली ताकत ऐसे नागरिक होंगे, जो सूचना तक पहुंच रखते हों, उसे समझते हों, उसकी सत्यता परखते हों और प्रमाण के आधार पर अपनी राय बनाते हों। डिजिटल युग में सबसे जरूरी कौशल शायद यही है-सूचना के सैलाब में सच को पहचानने की क्षमता।

# तीरंदाजी में तीन गोल्ड, शूटिंग में भी भारत ने जीता स्वर्ण

### एशियाड में 10 गोल्ड जीत कर मैडल सूची में सातवें स्थान पर पहुंचा भारत

### बॉक्सिंग, कुश्ती और स्क्वॉश में भी भारत को मिले पदक




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एशियन गेम्स के 11वें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल्ड मेडल अपने नाम किए। इनमें तीन स्वर्ण पदक कंपाउंड तीरंदाजी और एक शूटिंग में आया। इन चार गोल्ड के साथ भारत के कुल स्वर्ण पदकों की संख्या 10 हो गई है, जबकि उसके खाते में अब कुल 60 मेडल हैं। भारत ने ईरान को पीछे छोड़ते हुए मेडल टैली में सातवां स्थान हासिल कर लिया है। दिन का पहला गोल्ड भारतीय महिला कंपाउंड आर्चरी टीम ने जीता। इसके बाद साहिल राजेश जाधव और चिकिता तनिपार्थी की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में शूट-ऑफ के जरिए गोल्ड अपने नाम किया। चिकिता का यह एशियन गेम्स में दूसरा स्वर्ण पदक है। शूटिंग में नीरू ढांडा और किनान चेनाई ने ट्रैप मिक्स्ड टीम में गोल्ड जीता। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती दौर में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और एक अंक के अंतर से मुकाबला अपने नाम किया। नीरू ने लगातार दूसरे दिन गोल्ड मेडल जीता।

इसके बाद साहिल जाधव, थिरुमुरु गणेश मणि रत्नम और कुशल दलाल की पुरुष कंपाउंड टीम ने चीन को 238–237 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ भारत ने पिछले एशियन गेम्स में कंपाउंड आर्चरी के तीनों गोल्ड मेडल दोबारा जीत लिए हैं। भारत के लिए अन्य खेलों में भी पदक आए।

ग्रीको–रोमन कुश्ती में सुनील कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वह एशियन गेम्स में ग्रीको–रोमन रेसलिंग के दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। बॉक्सिंग में कपिल पोखरिया और प्रिया घंघास ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया, जबकि लवलीना बोरगोहेन ने फाइनल में पहुंचकर गोल्ड की उम्मीद कायम रखी है। पुरुष स्क्वॉश टीम ने कुवैत को 2–0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और भारत का एक और मेडल पक्का किया। वहीं जूडो में अस्मिता डे ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला हारकर पदक से चूक गईं। टेनिस में अनिरुद्ध चंद्रशेखर और एन. श्रीराम बालाजी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई।

# नमन धीर ने हवा में छलांग लगाकर पकड़ा शानदार कैच

### फुल स्ट्रेच डाइव लगाकर पकड़ी गेंद

### 37 रन पर भारत को मिली पहली सफलता



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे वनडे में नमन धीर ने अपनी शानदार फील्डिंग से सभी का ध्यान खींचा। अपने दूसरे ही इंटरनेशनल मुकाबले में धीर ने ऐसा मुश्किल कैच पकड़ा, जिसने वेस्टइंडीज के ओपनर कीसी कार्टी की पारी खत्म कर दी। गुवाहाटी में वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी शुरू की। टीम ने 4.5 ओवर में बिना विकेट खोए 37 रन बना लिए थे। पांचवें ओवर की आखिरी गेंद प्रसिद्ध कृष्णा ने शॉर्ट ऑफ लेंथ फेंकी, जिस पर कार्टी ने अपिश ड्राइव खेलने की कोशिश की। गेंद कवर-पॉइंट की दिशा में गई, लेकिन वहां खड़े नमन धीर ने आगे की ओर फुल स्ट्रेच डाइव लगाकर गेंद को दोनों हाथों से पकड़ लिया। कैच जमीन के बेहद करीब था, इसलिए टीवी अंपायर ने जांच के बाद कार्टी को आउट दिया। कार्टी 9 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हुए। इस विकेट के साथ भारत को 37 रन के स्कोर पर पहली सफलता मिली और शुरुआती साझेदारी टूट गई। इसके बाद जॉन कैंपबेल ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। पहले वनडे में 62 रन बनाने वाले कैंपबेल ने दूसरे मैच में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 गेंदों में अपना दूसरा वनडे शतक पूरा किया।

# ऑटो रिक्शा से शूटिंग पर पहुंचे रजनीकांत

### मैसूर में 'धर्मन' के सेट पर अभिनेता का दिखा खास अंदाज



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'धर्मन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। मैसूर में चल रही शूटिंग के दौरान रजनीकांत उस समय चर्चा में आ गए, जब वह किसी लग्जरी कार के बजाय ऑटो रिक्शा से शूटिंग सेट पर पहुंचे। अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस का उत्साह देखते ही बन रहा था। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में रजनीकांत ऑटो से उतरते और फैंस का हाथ हिलाकर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। रजनीकांत के सेट पर पहुंचने के बाद सुरक्षा कर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए गेट बंद रखने की कोशिश की। हालांकि बाहर मौजूद प्रशंसक लगातार अपने पसंदीदा स्टार के नाम के नारे लगाते रहे। फैंस का उत्साह देखकर रजनीकांत खुद बाहर आए और उनसे मुलाकात की। इस दौरान वह मैरून शर्ट और पारंपरिक वेश्टी पहने नजर आए। बच्चों से लेकर बड़े तक सभी अभिनेता की एक झलक पाने के लिए काफी देर से इंतजार कर रहे थे। फिल्म 'धर्मन' का निर्देशन अश्वथ मारिमुथु कर रहे हैं। इसमें रजनीकांत के साथ सिमरन, राशि खन्ना और योगी बाबू के नाम सामने आ चुके हैं। वहीं श्रीलीला और राम पोथिनेनी के फिल्म में होने की चर्चा है, लेकिन निर्माताओं ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। राशि खन्ना की रजनीकांत और राम पोथिनेनी के साथ एक तस्वीर सामने आने के बाद भी फिल्म की कास्ट को लेकर उत्सुकता बढ़ी थी। फिल्म के पहले लुक में रजनीकांत डॉक्टर के किरदार में नजर आए थे, जिसके बाद से कहानी को लेकर भी दर्शकों में काफी उत्सुकता बनी हुई है।

# गोविंदा–कोमल रानी की डेटिंग अफवाहों पर भड़कीं कुब्रा सैत

### अभिनेत्री ने लोगों से निजी जिंदगी में दखल न देने की अपील की




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और अभिनेत्री कोमल रानी स्वर्णकार की डेटिंग की अफवाहों के बीच कुब्रा सैत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर लोगों से कलाकारों की निजी जिंदगी में दखल न देने की अपील की। कुब्रा ने कहा कि फैंस को कलाकारों के काम और कला का आनंद लेना चाहिए, न कि उनकी निजी जिंदगी की जांच–पड़ताल करनी चाहिए। दरअसल, गोविंदा और कोमल रानी को कुछ मौकों पर साथ देखे जाने के बाद दोनों के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू हो गई थीं। एयरपोर्ट और लालबागचा राजा में दोनों की मौजूदगी के बाद तरह–तरह की अटकलें लगाई जाने लगीं। इसी पर कुब्रा ने सवाल उठाते हुए कहा कि किसी महिला के किसी अभिनेता के साथ नजर आने पर उसे तुरंत 'मिस्ट्री वुमन' या 'कथित गर्लफ्रेंड' कहना उचित नहीं है। कुब्रा ने कहा कि वह गोविंदा को व्यक्तिगत तौर पर नहीं जानतीं, लेकिन उनकी फिल्मों की फैन रही हैं। उन्होंने गोविंदा को 90 के दशक का बड़ा सुपरस्टार और आइकन बताते हुए कहा कि किसी की निजी जिंदगी को लेकर अनुमान लगाने और फिर उसी आधार पर फैसला सुनाने से बचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गॉसिप कब जजमेंट में बदल गई, इस पर विचार करने की जरूरत है। अभिनेत्री ने महिलाओं की निजता और सम्मान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसी को अपने निजी फैसलों के लिए बार–बार सफाई देने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। वहीं गोविंदा पहले ही कोमल रानी के साथ रिश्ते की खबरों को खारिज कर चुके हैं। उन्होंने इसे पेशेवर संबंध बताया था और लोगों से अपनी निजी जिंदगी को तमाशा न बनाने की अपील की थी।

# मुंबई इंडियन्स एमिरेट्स में मार्क बाउचर की एंट्री

### पूर्व दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर की होगी वापसी, रॉबिन सिंह की लेंगे जगह



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई इंडियन्स एमिरेट्स ने आईएलटी20 के आगामी सीजन से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर–बल्लेबाज और अनुभवी कोच मार्क बाउचर को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। बाउचर टीम में रॉबिन सिंह की जगह लेंगे। रॉबिन सिंह की कोचिंग में मुंबई इंडियन्स एमिरेट्स ने 2024 में आईएलटी20 का खिताब जीता था, जबकि पिछले सीजन में टीम फाइनल तक पहुंची थी और उपविजेता रही थी। मार्क बाउचर की मुंबई इंडियन्स फ्रेंचाइजी के साथ यह पहली जिम्मेदारी नहीं है। वह इससे पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के हेड कोच रह चुके हैं। 2023 और 2024 सीजन में उनकी देखरेख में मुंबई इंडियंस ने खेला था। इसके बाद उन्होंने मुंबई इंडियन्स न्यूयॉर्क की जिम्मेदारी संभाली और 2025 में टीम को मेजर लीग क्रिकेट का खिताब दिलाया। अब उनके सामने मुंबई इंडियन्स एमिरेट्स को आईएलटी20 में दोबारा चैंपियन बनाने की जिम्मेदारी होगी।

# 'दृश्यम 3' के लिए अजय देवगन को मिली मोटी फीस

### तब्बू, जयदीप अहलावत और श्रिया सरन को कितनी रकम मिली रिलीज से पहले फीस को लेकर बढ़ी चर्चा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म की कहानी और स्टारकास्ट के साथ अब कलाकारों की फीस भी चर्चा का विषय बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में अजय देवगन सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेता हैं। विजय सलगांवकर के किरदार में उनकी वापसी को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और फिल्म के लिए उन्हें बड़ी रकम मिलने की बात सामने आई है। 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की पिछली दोनों फिल्मों में अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अब तीसरे पार्ट में भी कहानी उनके किरदार के इर्द–गिर्द आगे बढ़ने की उम्मीद है। इसी वजह से उनकी फीस बाकी कलाकारों की तुलना में काफी ज्यादा बताई जा रही है। हालांकि निर्माताओं की ओर से कलाकारों की फीस को लेकर आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं। फिल्म में तब्बू एक बार फिर मीरा देशमुख के किरदार में नजर आ सकती हैं। वहीं जयदीप अहलावत की एंट्री ने भी फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है। श्रिया सरन भी अपने पुराने किरदार नंदिनी के रूप में फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स में इन कलाकारों की फीस को लेकर अलग–अलग आंकड़े सामने आ रहे हैं, लेकिन इनकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'दृश्यम 3' को लेकर कहानी से जुड़ी जानकारियां फिलहाल काफी हद तक गुप्त रखी गई हैं। फिल्म की पिछली किस्त ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था और अब तीसरे पार्ट से भी दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। रिलीज से पहले स्टारकास्ट की फीस की चर्चा ने फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर बज और बढ़ा दिया है।

# विराट कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे, गिल से 20 पॉइंट पीछे

### 139 रन की पारी से बदली रैंकिंग, 15 हजार रन भी पूरे

### टॉप–4 में तीन भारतीय, गेंदबाजी में कुलदीप को फायदा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** विराट कोहली ने आईसीसी की ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में नाबाद 139 रन की शानदार पारी खेलने का फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला है। कोहली अब 796 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं और शीर्ष स्थान पर मौजूद शुभमन गिल से सिर्फ 20 अंक पीछे हैं। 27 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में खेले गए मुकाबले में कोहली ने 88 गेंदों पर नाबाद 139 रन बनाए थे। यह उनके वनडे करियर का 55वां शतक था। इसी पारी के दौरान उन्होंने वनडे क्रिकेट में 15 हजार रन भी पूरे किए और सचिन तेंदुलकर के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने। इस शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली की रैंकिंग 767 से बढ़कर 796 अंक हो गई। उन्होंने न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को पीछे छोड़ दिया, जो 794 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं शुभमन गिल 816 अंक के साथ वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। रोहित शर्मा 753 अंकों के साथ चौथे नंबर पर हैं। इस तरह वनडे बल्लेबाजों की टॉप–4 रैंकिंग में तीन भारतीय बल्लेबाज शामिल हैं। रैंकिंग में भी भारत के कुलदीप यादव को फायदा हुआ है। वह चार स्थान की छलांग लगाकर पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में कुलदीप ने 40 रन देकर चार विकेट हासिल किए थे। वहीं ऑलराउंडरों की रैंकिंग में अक्षर पटेल 206 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर हैं। ताजा रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिल रहा है।

# आगरा के तुलसी अपार्टमेंट के फ्लैट में लगी भीषण आग

### महिला ने बच्चों संग भागकर बचाई जान

### सेकेंड फ्लोर के फ्लैट में अचानक उठने लगीं लपटें घर का सामान जलकर राख



**यूनिक समय, आगरा।** कमला नगर थाना क्षेत्र के मुगल रोड स्थित तुलसी अपार्टमेंट में मंगलवार दोपहर एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग लगने के समय फ्लैट में महिला अपने दो बच्चों के साथ मौजूद थी। कमरे से धुआं और आग की लपटें निकलती देख महिला घबरा गई और दोनों बच्चों को लेकर तुरंत फ्लैट से बाहर निकल आई। समय रहते बाहर निकलने से तीनों की जान बच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अपार्टमेंट में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसके साथ ही पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस के मुताबिक, दोपहर करीब 3 बजे फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली थी। सब इंस्पेक्टर अंकित कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फ्लैट नंबर 203, जो सेकेंड फ्लोर पर स्थित है, से तेज लपटें और धुआं निकल रहा था। बताया गया कि फ्लैट विजय शर्मा का है। हादसे के समय वह घर पर मौजूद नहीं थे। उनकी पत्नी को सबसे पहले घर में कुछ जलने की गंध महसूस हुई। जब उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो आग की लपटें उठ रही थीं। उन्होंने तुरंत दोनों बच्चों को साथ लिया और फ्लैट से बाहर निकल गईं। शोर सुनकर पड़ोसी भी वहां पहुंच गए। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल रही थी। सूचना मिलने के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मियों ने आग को दूसरे फ्लैटों तक पहुंचने से रोक लिया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, फ्लैट की दीवारों पर हाल ही में पीवीसी पैनल लगाए गए थे, जिसके कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। आग से फ्लैट में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वायरस संक्रमण से पार्किंसंस का खतरा वैज्ञानिकों ने खोजी आणविक कड़ी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इन्फ्लुएंजा और कोविड-19 जैसे आरएनए वायरस संक्रमण और पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के बीच संबंध को लेकर एक नए अध्ययन में महत्वपूर्ण आणविक तंत्र सामने आया है। सीएसआईआर-सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी (सीसीएमबी), हैदराबाद की डॉ. स्वास्ति राय चौधरी की प्रयोगशाला के अध्ययन में बताया गया है कि आरएनए वायरस मस्तिष्क में ए-एसवाईएनयूसीएलईआइएन नामक प्रोटीन के असामान्य जमाव को बढ़ा सकते हैं। अध्ययन के अनुसार, न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों में मस्तिष्क में अमाइलॉयड नामक प्रोटीन के गुच्छे बनते हैं, जो न्यूरॉन्स के बीच सूचना के संचार को प्रभावित करते हैं। पार्किंसंस रोग में ए-एसवाईएनयूसीएलईआइएन के अमाइलॉयड गुच्छे प्रमुख विशेषता हैं। वायरस के आरएनए में मौजूद विशेष संरचनाएं आरएनए जी-क्यूयूएडीआरयूपीएलईएक्सईएस (आरजी 4एस) ए-एसवाईएनयूसीएलईआइएन से जुड़कर उसके अमाइलॉयड बनने की प्रक्रिया को तेज कर सकती हैं। हालांकि शरीर की कोशिकाओं में इससे बचाव की व्यवस्था भी मौजूद है। संक्रमण के दौरान डीडीएक्स 39ए नामक हेलिकेज प्रोटीन कोशिका के केंद्रक से बाहर आकर वायरल आरएनए की संरचनाओं को खोलता है। इससे वायरस की प्रतिकृति घटती है और ए-एसवाईएनयूसीएलईआइएन के अमाइलॉयड बनने की गति भी धीमी होती है। शोधकर्ताओं के मुताबिक हर वायरल संक्रमण अमाइलॉयड निर्माण नहीं बढ़ाता, लेकिन बार-बार संक्रमण होने की स्थिति में जोखिम बढ़ने की संभावना की जांच जरूरी है। अध्ययन का अगला चरण यह समझना है कि सामान्य वायरल संक्रमण वर्षों बाद पार्किंसंस जैसी बीमारी की पृष्ठभूमि कैसे तैयार कर सकता है।

## एशियन गेम्स में गोल्ड जीतकर आगरा पहुंचीं दीप्ति शर्मा



### भांजी के जन्मदिन पर हुआ डबल सेलिब्रेशन मंदिर में पूजा के बाद बेंगलुरु कैंप के लिए हुईं रवाना

**यूनिक समय, आगरा।** एशियन गेम्स में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को गोल्ड मेडल दिलाने के बाद आगरा की बेटी और स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अपने घर पहुंचीं। अवधपुरी स्थित आवास पर परिवार ने मिठाई खिलाकर और फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। लंबे समय बाद बेटी के घर लौटने पर मां सुशीला शर्मा ने उनकी पसंदीदा कढ़ी-चावल बनाए। दीप्ति ने परिवार के साथ बैठकर खाना खाया और एशियन गेम्स में टीम की जीत से जुड़े अनुभव साझा किए। दीप्ति 27 सितंबर को दो दिन के लिए आगरा पहुंची थीं। खास बात यह रही कि इसी दिन उनकी बड़ी बहन प्रगति की बेटी राधा का जन्मदिन भी था। ऐसे में परिवार के लिए खुशी का मौका दोगुना हो गया। एक तरफ दीप्ति के एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने की खुशी थी, तो दूसरी ओर भांजी का जन्मदिन भी मनाया गया। परिवार और कॉलोनी के लोगों ने दीप्ति का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अपना गोल्ड मेडल परिवार के सदस्यों को पहनाकर खुशी साझा की। हाल के टूर्नामेंट में दीप्ति का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। एशियाई खेलों में उन्होंने सात विकेट हासिल किए, जबकि एशिया कप में उनके नाम 14 विकेट रहे। उनकी ऑलराउंड क्षमता भारतीय टीम के लिए लगातार अहम साबित हो रही है। बेंगलुरु रवाना होने से पहले 29 सितंबर को दीप्ति ने घर के पास स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और टीम की सफलता के लिए प्रार्थना की। इसके बाद वह बेंगलुरु कैंप के लिए रवाना हो गईं। अब दीप्ति जिम्बाब्वे दौरे की तैयारियों में जुटेंगी। भारत का यह दौरा 16 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें तीन टी-20 और तीन वनडे मुकाबले खेले जाने हैं।

## वाराणसी में किसान प्रदर्शन के दौरान हादसा, एक की मौत



### लाठीचार्ज के बाद मचा हंगामा

### ढेरही टोल प्लाजा पर पुलिस-किसानों में झड़प

**यूनिक समय, वाराणसी।** ढेरही टोल प्लाजा पर बुधवार को भूमि अधिग्रहण और टोल वसूली के विरोध में किसानों के प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रदर्शन के बीच पुलिस और किसानों में झड़प, लाठीचार्ज और पथराव की घटना सामने आई। इसके बाद मची भगदड़ में दो किसान सड़क पर पहुंच गए और सामने से आ रही कार की चपेट में आकर घायल हो गए। इनमें मृत्युंजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की मौत हो गई, जबकि एक अन्य किसान की हालत गंभीर बताई जा रही है। किसानों की ओर से टोल वसूली रोकने और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। इससे पहले भी किसानों ने 30 सितंबर को ढेरही टोल प्लाजा पर धरना देने का ऐलान किया था। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता अजीत सिंह ने कथित तौर पर खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें रोककर हिरासत में ले लिया। इसके बाद किसानों ने पुलिस वाहन को घेर लिया। दोनों पक्षों के बीच धक्कामुक्की के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। किसानों का कहना है कि लाठीचार्ज के दौरान कई लोग घायल हुए और एक किसान के सिर में चोट आई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों की ओर से पुलिस पर पथराव किया गया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई की। इस दौरान भगदड़ मचने पर कुछ किसान हाईवे की ओर भागे, जहां हादसा हुआ। हादसे के बाद आक्रोशित किसानों ने वाराणसी-आजमगढ़ हाईवे पर धरना शुरू कर दिया। कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। बाद में एंबुलेंस के फंसने की सूचना पर किसानों ने रास्ता खोल दिया और यातायात सुचारू कराया गया।

## दिव्या मित्तल की राजा भैया संग तस्वीर से यूपी में सियासी हलचल



### तस्वीर सामने आई तो बढ़े सियासी कयास

### दिव्या बोलीं- किसी दल में नहीं जाऊंगी

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में पूर्व आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल के अगले कदम को लेकर चर्चा तेज हो गई है। प्रशासनिक सेवा से इस्तीफा देकर राजनीति में आने का ऐलान कर चुकीं दिव्या मित्तल की कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के साथ तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश प्रधान महासचिव डॉ. बृजेश सिंह राजावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। अपनी पोस्ट में उन्होंने दिव्या मित्तल के राजनीतिक सफर का स्वागत करते हुए आईएएस के अनुभव और राजा भैया की जमीनी पकड़ का जिक्र किया। पोस्ट के बाद दोनों के साथ आने को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गईं। हालांकि, तस्वीर या पोस्ट से किसी राजनीतिक गठजोड़ की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दिव्या मित्तल ने 29 सितंबर को राजनीति में आने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि वह किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होंगी और उत्तर प्रदेश से स्वतंत्र राजनीतिक सफर शुरू करेंगी। उन्होंने जनता की समस्याओं, सरकारी व्यवस्था, युवाओं, पेपर लीक और ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दों को उठाने की बात कही।

## मेरठ के नीला ड्रम हत्याकांड में फैसला मुस्कान और साहिल दोषी करार

### सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला, 14 अक्टूबर को होगी सजा पर सुनवाई



**यूनिक समय, मेरठ।** मेरठ के चर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड में कोर्ट ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल को दोषी करार दिया। जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत ने दोनों को हत्या के मामले में दोषी माना है। अब 14 अक्टूबर को दोनों की सजा का ऐलान किया जाएगा। सौरभ के परिवार ने दोनों आरोपियों के लिए फांसी की सजा की मांग की है। यह मामला मार्च 2025 में सामने आया था, जब सौरभ राजपूत का शव उसके ही घर में नीले ड्रम के अंदर टुकड़ों में बरामद हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सौरभ की पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को गिरफ्तार किया था। दोनों को 19 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस के मुताबिक, 3 मार्च 2025 को सौरभ की हत्या की गई थी। इसके बाद शव के टुकड़े कर उन्हें नीले ड्रम में डाल दिया गया। हत्या के बाद आरोपी शिमला भी गए थे। 16 मार्च को पुलिस को मामले से जुड़े अहम सुराग मिले और 17 मार्च को सौरभ का शव बरामद किया गया। जुलाई 2025 में मामले का ट्रायल शुरू हुआ था।

## रामगोपाल के साथ रिलायंस से जुड़े धनराज नथवानी को टिकट

### आलोक रंजन की जगह नथवानी की एंट्री से बढ़ी चर्चा

### कॉरपोरेट से क्रिकेट तक, नथवानी की पहचान



**यूनिक समय,लखनऊ।** लखनऊ में समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने दो उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े धनराज परिमल नथवानी को उम्मीदवार बनाया है। दोनों ने बुधवार को अखिलेश यादव की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। धनराज नथवानी को उम्मीदवार बनाए जाने की खबर इसलिए चर्चा में है, क्योंकि उनका राजनीतिक आधार पारंपरिक सपा नेताओं से अलग है। वे रिलायंस इंडस्ट्रीज में ग्रुप प्रेसिडेंट हैं और गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके पिता परिमल नथवानी झारखंड से राज्यसभा सांसद हैं और रिलायंस समूह से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। पार्टी के इस फैसले के बाद पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन के नाम को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं। 2024 में सपा ने आलोक रंजन को तीसरे उम्मीदवार के तौर पर उतारा था, लेकिन वे चुनाव हार गए थे। इस बार पार्टी ने अलग विकल्प चुना है। धनराज नथवानी कॉरपोरेट और खेल प्रशासन दोनों क्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं। वे रिलायंस समूह की विभिन्न कंपनियों से जुड़े हैं और गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन का नेतृत्व भी कर चुके हैं। सपा ने अभी तीसरे उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के चुनाव में सपा की रणनीति का अगला चरण इसी फैसले से स्पष्ट होगा।

## दुबई-इजरायल फ्लाइट में लड़ बैठे दो पायलट, मचा हड़कंप

# फ्लाइट में पायलट पर चाकू से हमला




### को-पायलट ने कंट्रोल लेने की कोशिश की

### फाइटर जेट्स की निगरानी में ताबुक में उतारा विमान

### अपहरण के संकेत से सऊदी अरब उतरा विमान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाइट दुबई की फ्लाइट में बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। विमान के कॉकपिट में पायलट और को-पायलट के बीच विवाद के बाद एक पायलट पर चाकू से हमला किया गया। आरोप है कि को-पायलट ने विमान का कंट्रोल अपने हाथ में लेने और उसे नीचे ले जाने की कोशिश की।

घटना के बाद विमान से पहले इमरजेंसी और फिर हाईजैक का अलर्ट भेजा गया। इजराइल ने तुरंत फाइटर जेट्स रवाना किए। उनकी निगरानी में फ्लाइट का रूट बदला गया और सऊदी अरब के ताबुक एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में करीब 180 यात्री सवार थे।

विमान ने पहले 7700 कोड भेजा, जो सामान्य इमरजेंसी का संकेत है। इसके कुछ ही समय बाद 7500 कोड भेजा गया, जिसका इस्तेमाल हाईजैक की स्थिति में किया जाता है। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, विमान करीब 34 हजार फीट की ऊंचाई से लगभग दो मिनट में 16,600 फीट तक नीचे आ गया। इसके बाद विमान ने अपना रूट बदल लिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ यात्रियों ने कॉकपिट में पहुंचकर हमलावर को रोकने में मदद की। विमान में सादे कपड़ों में मौजूद अन्य पायलटों ने भी विमान का कंट्रोल संभालने में मदद की। घायल पायलट को विमान में ही प्राथमिक उपचार दिया गया। एक यात्री, जो डेंटिस्ट बताया जा रहा है, ने भी इलाज में मदद की।

हाईजैक अलर्ट मिलने के बाद इजराइली एयरफोर्स ने लड़ाकू विमान रवाना किए। उनकी निगरानी में फ्लाइट दुबई की फ्लाइट को सऊदी अरब के ताबुक एयरपोर्ट की ओर मोड़ा गया और वहां इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

घटना के बाद इजराइली सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, संभावित आतंकी एंगल से भी मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, हमले की वजह और आरोपी की मंशा को लेकर आधिकारिक जांच पूरी होने का इंतजार है।

# मतदाता फॉर्म छह से हटाया गया अतिरिक्त घोषणा पत्र




### एसआईआर पूरी जगहों पर, अब नहीं पूछेंगे जानकारी

### नए मतदाताओं के लिए प्रक्रिया होगी थोड़ी आसान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उन राज्यों में ऑनलाइन फॉर्म छह से विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ा अतिरिक्त घोषणा पत्र हटा दिया है, जहां यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब ऐसे राज्यों में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करते समय यह जानकारी नहीं देनी होगी कि आवेदक या उसके माता-पिता का पिछली विशेष गहन पुनरीक्षण सूची में नाम था या नहीं।

यह बदलाव आयोग के ईसीआईनेट पोर्टल और संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइटों पर किया गया है। जिन राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभी जारी है, वहां यह अतिरिक्त जानकारी मांगी जा रही है।

फॉर्म छह का इस्तेमाल मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए होता है। अतिरिक्त घोषणा हटने का अर्थ यह नहीं है कि नए मतदाता की पात्रता की जांच समाप्त हो गई है। सामान्य नियमों के तहत आवेदन की जांच जारी रहेगी।

इस बदलाव से पहली बार मतदाता बनने वालों और पुनरीक्षण के दौरान नाम छूट जाने वाले लोगों के लिए आवेदन प्रक्रिया में एक अतिरिक्त चरण कम हुआ है। पहले ऑनलाइन फॉर्म में आवेदक से अपने या माता-पिता अथवा दादा-दादी के पुराने मतदाता रिकॉर्ड से जुड़ी जानकारी मांगी जाती थी।

फॉर्म छह में यह बदलाव पहले चुनाव आयोग के भीतर चर्चा का विषय बना था। दो चुनाव आयुक्तों ने इस अतिरिक्त हिस्से पर आपत्ति जताई थी। आयोग ने बाद में विशेष गहन पुनरीक्षण पूरा हो चुके राज्यों में इसे हटाने का फैसला किया।

# लक्षद्वीप के पास 3000 करोड़ रुपये नशीले पदार्थ जब्त



### ईरानी नाव में पांच पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

### 526 किलो हेरोइन और मेथामफेटामाइन हुई बरामद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते ने अरब सागर में लक्षद्वीप के पश्चिम में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ईरानी नाव को पकड़ा। नाव से करीब 526 किलो हेरोइन और मेथामफेटामाइन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3,000 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। कार्रवाई में नाव पर सवार पांच पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, 25 सितंबर को मिली खुफिया सूचना के आधार पर समुद्र और हवा से नाव पर नजर रखी गई। संदिग्ध नाव की लगातार निगरानी के बाद तटरक्षक बल ने उसका पीछा किया और लक्षद्वीप के पश्चिम में उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ मिले। कार्रवाई के बाद नाव, उसमें सवार लोगों और बरामद नशीले पदार्थों को कड़ी सुरक्षा के बीच मुंबई लाया गया है। यहां संबंधित जांच एजेंसियां आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं। उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई समुद्री रास्ते से होने वाली अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के प्रयासों का हिस्सा है। जांच एजेंसियां अब इस खेप के स्रोत, गंतव्य और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही हैं।

# बडगाम मुठभेड़ में लश्कर का हाशिम मूसा मारा गया

### यूसमर्ग के जंगलों में चला संयुक्त तलाशी अभियान

### सुरक्षाबलों ने हथियार भी बरामद किए



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आसिफ उर्फ हाशिम मूसा को मार गिराया। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मंगलवार को यूसमर्ग के कोरागा इलाके में खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था।

तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों को संदिग्ध गतिविधि दिखाई दी। जवानों ने चुनौती दी तो आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद दोनों ओर से मुठभेड़ हुई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। बुधवार सुबह पालमैदान इलाके में तलाशी के दौरान मारे गए आतंकवादी का शव बरामद हुआ। उसके पास से हथियार और अन्य युद्ध सामग्री भी मिली। सेना के अनुसार क्षेत्र में अभियान अभी जारी है।

हाशिम मूसा का नाम पहले भी सुरक्षा एजेंसियों की जांच में सामने आया था। सितंबर की शुरुआत में यूसमर्ग क्षेत्र में हुई एक अन्य मुठभेड़ में लश्कर से जुड़े यासिर के मारे जाने के बाद मूसा के उसी इलाके में छिपे होने की जानकारी सामने आई थी।

सुरक्षाबल अब आसपास के घने जंगलों में तलाशी बढ़ा रहे हैं, ताकि किसी अन्य आतंकवादी की मौजूदगी का पता लगाया जा सके।

# जालंधर रैली में अमित शाह ने नशामुक्त पंजाब का वादा दोहराया

### भाजपा सत्ता में आई तो नशा खत्म करेंगे

### रैली से पहले धमकी भरे ईमेल से हड़कंप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जालंधर में भाजपा की नशामुक्त पंजाब यात्रा के समापन कार्यक्रम में पंजाब को नशे से मुक्त करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि यदि लोग भाजपा को समर्थन देते हैं तो उनकी सरकार 31 दिसंबर 2029 से पहले पंजाब को चिट्टे से मुक्त करने का लक्ष्य पूरा करेगी। शाह ने आम आदमी पार्टी पर पंजाब में नशे की समस्या बढ़ाने का आरोप भी लगाया। ये आरोप राजनीतिक दावे हैं।

शाह ने कहा कि नशे की तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भाजपा की यात्रा 18 सितंबर को शुरू हुई थी और 13 दिनों में पंजाब के सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंची। इस दौरान करीब 4,000 किलोमीटर की यात्रा की गई। इस बीच रैली से पहले जालंधर के कई स्कूलों और अन्य स्थानों को धमकी भरे ईमेल मिले। संदेश में रैली स्थल के मंच के नीचे विस्फोटक रखने का दावा किया गया था। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी। अधिकारियों ने बताया कि धमकी की जांच की जा रही है और विस्फोटक मिलने की पुष्टि नहीं हुई है।

# जिनपिंग के सुरक्षा प्रमुख की सामने आई पहचान



### व्हाइट हाउस की सूची में नाम और पद दर्ज

### मोदी से मुलाकात में भी साथ दिखे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ विदेश यात्राओं और महत्वपूर्ण बैठकों में नजर आने वाले अधिकारी झोउ होंगशू की पहचान अब सार्वजनिक हो गई है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी चीन के राजकीय रात्रिभोज की अतिथि सूची में उनका नाम और पद दर्ज है। सूची के अनुसार, झोउ होंगशू केंद्रीय सुरक्षा ब्यूरो के निदेशक और कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के उपनिदेशक हैं।

केंद्रीय सुरक्षा ब्यूरो चीन के शीर्ष नेताओं की सुरक्षा से जुड़ी संस्था है। झोउ को पहले भी जिनपिंग के साथ कई अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में देखा गया है। सितंबर में नई दिल्ली में जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात के दौरान भी वह चीनी प्रतिनिधिमंडल के बीच मौजूद थे।

झोउ के बारे में चीन में सार्वजनिक जानकारी अब तक काफी सीमित रही है। 2022 में कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय बैठक में वह प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए थे, लेकिन उनकी विस्तृत जिम्मेदारियों की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई थी।

दक्षिण चीन मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, झोउ की उम्र करीब 55 वर्ष है और वह सेना के मेजर जनरल हैं। उन्हें जिनपिंग की सुरक्षा व्यवस्था देखने वाले अधिकारियों में शामिल बताया गया है।

# चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्षी दलों का मार्च तय



### छह अक्टूबर से जिलों में निकालेंगे मार्च

### मतदाता सूची और मतदान प्रक्रिया पर सवाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के गठबंधन की बैठक बुधवार को दिल्ली के संविधान क्लब में हुई। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर विपक्षी दल देशभर में अभियान चलाएंगे। उनके अनुसार, 2 से 8 अक्टूबर तक अलग-अलग कार्यक्रम होंगे और 6 अक्टूबर से हर जिले में लोकतंत्र बचाओ मार्च निकाला जाएगा।

बैठक में मतदाता सूची में बदलाव, विशेष गहन पुनरीक्षण, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन और मतदान पर्ची से जुड़ी व्यवस्था पर चर्चा हुई। विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने की मांग रखी। उनका कहना है कि किसी मतदाता का नाम हटाने से पहले उसे सूचना और अपील का अवसर मिलना चाहिए। खड़गे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग भी दोहराई। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। ये आरोप विपक्षी दलों के हैं, चुनाव आयोग का पक्ष इस खबर में उपलब्ध जानकारी में शामिल नहीं है।

विपक्षी दलों ने इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों के बजाय फिर से मतपत्र से मतदान कराने की मांग भी रखी। बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, शिवसेना (उद्धव गुट), वाम दलों और जम्मू-कश्मीर के कुछ दलों समेत कई पार्टियों के नेता शामिल हुए। आम आदमी पार्टी और द्रमुक बैठक में शामिल नहीं हुईं। वहीं, समाजवादी पार्टी की ओर से अखिलेश यादव की जगह पार्टी के अन्य नेता पहुंचे। बैठक में आगे की संयुक्त रणनीति और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर साथ काम करने पर चर्चा हुई।

# स्कूली वाहनों की सुरक्षा पर समितियां करेंगी निगरानी

## फिटनेस से लेकर चालक-परिचालक के मानकों तक होगी जांच

## चार महीने के अंतराल पर बैठक, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन को लेकर अब विद्यालय स्तर पर निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाएगी। सभी विद्यालयों में परिवहन सुरक्षा समितियों का गठन किया जाएगा। समितियां स्कूली वाहनों की फिटनेस, सुरक्षा उपकरणों और चालक-परिचालक के निर्धारित मानकों की नियमित समीक्षा करेंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि समिति के अध्यक्ष विद्यालय प्राधिकारी होंगे।

समिति में तहसीलदार, संबंधित थानाध्यक्ष, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि, दो अभिभावक, दो वाहन संचालक प्रतिनिधि और स्थानीय निकाय के अधिशासी अधिकारी को सदस्य बनाया जाएगा। समिति का मुख्य उद्देश्य स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मानकों का पालन सुनिश्चित करना होगा। वाहन की फिटनेस, आवश्यक सुरक्षा उपकरण, चालक-परिचालक की योग्यता और सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन की भी समीक्षा की जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने विकासखंड का नोडल अधिकारी नामित किया है। नोडल अधिकारी विद्यालयों में समितियों के गठन और उनकी बैठकों की निगरानी करेंगे। साथ ही समिति की गतिविधियों की जानकारी भी जुटाई जाएगी। समिति की बैठक वर्ष में चार बार जुलाई, अक्तूबर, जनवरी और अप्रैल में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक बैठक में कम से कम पांच सदस्यों की मौजूदगी अनिवार्य होगी। बैठक में लिए गए निर्णयों का कार्यवृत्त तैयार कर सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर समिति की कार्रवाई और अनुपालन की समीक्षा की जा सके। एआरटीओ राजेश राजपूत ने कहा कि स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विद्यालयों से परिवहन सुरक्षा समिति के गठन और सदस्यों का विस्तृत ब्यौरा मांगा गया है। निर्धारित व्यवस्था का पालन न करने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी।



संत संवाद कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

# संत संवाद में विद्यार्थियों को मिले संस्कारों के संदेश

## अनिरुद्धाचार्य ने अनुशासन और सदाचार का महत्व बताया

## माता-पिता, गुरु सम्मान और भारतीय संस्कृति पर दिया जोर

**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा माखन पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए विशेष 'संत संवाद' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कथावाचक अनिरुद्धाचार्य का सान्निध्य प्राप्त हुआ। विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया। कथावाचक ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए शिक्षा के साथ संस्कार और चरित्र निर्माण को जीवन का महत्वपूर्ण आधार बताया।

उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सदाचार, सत्य, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही माता-पिता और गुरुजनों के सम्मान और भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उनके प्रेरणादायी संबोधन को विद्यार्थियों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर का वातावरण आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के संवाद विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और जीवन-दृष्टि के विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अनिल अग्रवाल, कमेटी सदस्य मनीष अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, ललित अग्रवाल, प्रधानाचार्य विनय शर्मा, प्रमोद शर्मा सहित शिक्षकगण और अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

## डीएम- एसएसपी ने किया जेल का निरीक्षण, दिए निर्देश

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएम और एसएसपी ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को चेक किया। दोनों अधिकारियों ने जेल अधीक्षक को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार टीम के साथ जिला कारागार पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने जेल में होने वाली सफाई व्यवस्था को देखा। इसके साथ कैदियों के लिए बनने वाले भोजन को भी परखा। भोजनालय का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बंदियों की बैरक, कैंटीन सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने जिला कारागार अधीक्षक अंशुमान गर्ग को निर्देश दिए।

## तमंचा धारी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** मगोर्रा पुलिस ने सौंख तिराहे से लोरिया पट्टी की ओर जाने वाले रास्ते से अभियुक्त साहिब कुमार निवासी गांव पतरा थाना मऊ जिला शाहजहांपुर को एक देशी तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

# डायट में ब्रज संस्कृति के रंगों ने मोहा दर्शकों का मन



डायट में कला प्रदर्शनी को देखते शिक्षक आदि।

## 70 शिक्षकों ने कला प्रदर्शनी में दिखाई अपनी रचनात्मक प्रतिभा

## लोकगीत, राधा-कृष्ण नृत्य और रासलीला ने बांधा समां

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मथुरा में 'हमारी परंपरा और संस्कृति' विषय पर कला प्रदर्शनी-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के 70 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग के 50 और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 20 शिक्षक शामिल रहे।

शुभारंभ डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता जेपी सुमन और संजय डबराल ने किया। इस दौरान संस्थान के प्रवक्ता और डीएलएड प्रशिक्षु मौजूद रहे। कला प्रदर्शनी में शिक्षकों ने भारतीय कला, लोक परंपराओं, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी आकर्षक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ब्रज की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। ब्रज लोकगीत, राधा-कृष्ण नृत्य, रसिया गायन, लोकनृत्य और रासलीला की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से ब्रज की लोक संस्कृति और विरासत के विविध रंगों को जीवंत किया। कला प्रदर्शनी की प्रभारी शिखा शर्मा और रचना वाला के मार्गदर्शन में प्रदर्शनी को आकर्षक और सुव्यवस्थित रूप दिया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता जेपी सुमन ने शिक्षकों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ विद्यालयों में कला और संस्कृति के संरक्षण में सहायक हैं। कार्यक्रम में डॉ. गौरी पांडे, डॉ. गौरव गुंजन, विवेक कुमार और हिमांशु रावत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नगर निगम में आयोजित हुआ सफाई मित्र सम्मान और सुरक्षा शिविर



बुधवार को नगर निगम में सफाई मित्र को सम्मनित करते नगर निगम के अधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम में बुधवार को 'नमस्ते' योजना के तहत सफाई मित्र सम्मान और सुरक्षा शिविर लगा। इसका मकसद सफाई कर्मचारियों के योगदान को सम्मान देना और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखना था।

नगर निगम मुख्यालय में सुबह आठ बजे से दिल्ली में हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसमें नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और सफाई मित्र शामिल हुए। अपर नगर आयुक्त सुनीता सिंह, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामगोपाल और सहायक अभियंता जलकल हेमेंद्र गौतम मौजूद रहे। बड़ी संख्या में सफाई निरीक्षक और सफाई मित्र भी पहुंचे।

शिविर में सफाई मित्रों को उनके काम के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्हें सुरक्षा के लिए सेफ्टी किट भी दी गई। साथ ही, उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल कैंप भी लगाया गया। केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर भी लगे। अधिकारियों ने योजनाओं के फायदे और पात्रता बताई, ताकि सफाई मित्र इनका लाभ ले सकें।

# पॉक्सो कानून से विद्यार्थियों को कराया अधिकारों से परिचित



सेंट डोमिनिक्स स्कूल में आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद जिला जज विकास कुमार आदि।

## सेंट डोमिनिक्स स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## टैंक चौराहे पर नुक्कड़ नाटक से बाल सुरक्षा का संदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को सेंट डोमिनिक्स स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कराया गया।

कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विकास कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे सूर्यभान कुमार वर्मा और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता सिंह मौजूद रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। जनपद न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम-2012 के प्रावधान सरल भाषा में समझाए। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति कानून की दृष्टि में बच्चा है। बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने के लिए पॉक्सो कानून बनाया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से आसपास होने वाली अनुचित घटनाओं के प्रति सजग रहने और जरूरत पड़ने पर सहायता लेने की अपील की। सचिव अनीता सिंह ने कहा कि असहज या असुरक्षित महसूस होने पर बच्चों को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्हें तत्काल अभिभावक, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति से अपनी बात साझा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपलब्ध है। इसके बाद टैंक चौराहे पर वृंदावन लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बाल सुरक्षा और पॉक्सो कानून के प्रति लोगों को जागरूक किया। जनपद न्यायाधीश ने प्रतिभागियों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की।

# महिला शक्ति टीम ने बचाया एक टूटता परिवार

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली की मिशन शक्ति टीम ने झगड़ कर आए एक परिवार की कॉउंसलिंग कर दोनों को समझा-बुझा कर एक साथ रहने के लिए रजामंद कर घर भेज दिया। बताया गया कि एक महिला ने अपने पति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी। मामला कोतवाली की महिला शक्ति टीम के पास भेजा गया। महिला शक्ति टीम ने पति-पत्नी की कॉउंसलिंग की। दोनों को अच्छी तरह से समझा कर दोनों के बीच चल रही कड़वाहट को दूर कराया। इसके साथ ही दोनों को एक साथ रहने के लिए रजामंद कर लिया। इसके बाद दोनों साथ रहने को राजी हो गए।